दैनिक
CIN-No-UT4999RJ2020PTC0679
UN NO-200022186
राजस्थान,दिल्ली,छत्तीसगढ़ से एकसाथ प्रकाशित
RNI NO. RAJHIN/2023/89729

# मरुधर विशेष



Marudharvishesh@gmail.com मो. 9653906665

अंक 02/112 | जयपुर | 11 मई /2025 | रविवार | मूल्य रु. 5 | पृष्ठ: 04



फाइल फोटो

मौसम विभाग ने नया पूर्वानुमान जारी किया

## 4 दिन पहले पहुंचेगा मानसून, सामान्य से ज्यादा होगी बारिश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मौसम विभाग ने रविवार को बताया कि दक्षिण पश्चिमी मानसून 27 मई को केरल पहुंच सकता है। आमतौर पर मानसून 1 जून तक केरल पहुंचता है, लेकिन इस बार इसके जल्दी केरल पहुंचने की उम्मीद है। अगर मानसून 27 मई तक केरल में दस्तक दे देता है तो यह साल 2009 के बाद से सबसे जल्दी मानसून का आगमन होगा। साल 2009 में मानसून ने केरल में 23 मई को दस्तक दे दी थी।

**16 साल बाद सबसे जल्दी मानसून का आगमन होगा**

### दक्षिण पश्चिमी मानसून के 27 मई को केरल पहुंचने की संभावना

*13 तक अंडमान निकोबार में दस्तक होगी*




केरल में मानसून के जल्दी या देर से आने का मतलब देश में ज्यादा या कम बारिश होना नहीं है। इसमें कई अन्य फैक्टर शामिल होते हैं। हाल में मौसम विभाग ने बताया था कि इस साल दक्षिणी अंडमान सागर, बंगाल की खाड़ी के कुछ हिस्सों और निकोबार द्वीपसमूह में मानसून 13 मई को ही आगे बढ़ सकता है।

### देश की अर्थव्यवस्था के लिए मानसून बेहद अहम

मौसम विभाग ने बताया कि 96 प्रतिशत से लेकर 104 प्रतिशत की बारिश को सामान्य माना जाता है। 90 प्रतिशत से कम बारिश को कमी माना जाता है और 90 से 95 प्रतिशत के बीच बारिश को सामान्य से कम माना जाता है। भारत के कृषि क्षेत्र के लिए मानसून बेहद अहम है। देश में कृषि पर 42 प्रतिशत आबादी की आजीविका निर्भर है और यह क्षेत्र देश के विकास में 18 प्रतिशत का योगदान देता है।


### 105 प्रतिशत बारिश की उम्मीद

बीते साल मानसून ने केरल में 30 मई को दस्तक दी थी। वहीं साल 2023 में 8 जून को, 2022 में 29 मई को, 2021 में 3 जून को और साल 2020 में 1 जून को मानसून केरल पहुंचा था। आमतौर पर दक्षिण पश्चिम मानसून एक जून को केरल पहुंचकर 8 जुलाई तक पूरे भारत को कवर कर लेता है। 17 सितंबर से मानसून भारत के उत्तर पश्चिमी इलाकों से पीछे हटना शुरू हो जाता है और 15 अक्टूबर तक पूरी तरह से विदा हो जाता है। मौसम विभाग ने अपने अप्रैल महीने के अनुमान में साल 2025 में सामान्य से ज्यादा बारिश होने की उम्मीद जताई है। इससे अल-नीनो के असर को नकारा जा रहा है, क्योंकि अल नीनो के असर से सामान्य से कम बारिश होती है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव एम रविचंद्रन ने बताया कि भारत में इस साल चार महीने के मानसून के मौसम में सामान्य से ज्यादा बारिश होने की उम्मीद है। इस दौरान 105 प्रतिशत बारिश हो सकती है, जो औसत बारिश 87 सेंटीमीटर से ज्यादा है।

---

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में मृतक के परिजनों को 2.2 करोड़ दें



**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले की एक लोक अदालत ने साल 2023 में एक सड़क हादसे में मारे गए व्यक्ति के परिजनों को शनिवार को 2.2 करोड़ का मुआवजा प्रदान किया। प्रधान जिला न्यायाधीश एसबी अग्रवाल ने दावा अधिकरण के सदस्य एसएन शाह और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ईश्वर सूर्यवंशी की उपस्थिति में दावेदारों को चेक सौंपा।

### तनाव के बीच 'मिस वर्ल्ड' स्थगित करें



**हैदराबाद।** हैदराबाद में 'मिस वर्ल्ड' प्रतियोगिता शुरू होने से कुछ घंटे पहले, भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) के. कविता ने शनिवार को तेलंगाना सरकार से भारत और पाकिस्तान के बीच जारी सैन्य संघर्ष के कारण इसका कार्यक्रम पुनर्निर्धारित करने का आग्रह किया। राज्य सरकार मिस वर्ल्ड कार्यक्रम को स्थगित करे।

### एनकाउंटर फिर गैंगरेप के 3 आरोपी गिरफ्तार




**बुलंदशहर।** यूपी के बुलंदशहर में चलती कार में नाबालिग से गैंगरेप करने वाले आरोपियों की पुलिस की मुठभेड़ हुई है। थाना खुर्जा नगर व थाना अरनिया पुलिस की संयुक्त टीम की दरिंदों से मुठभेड़ हुई।गोली लगने से गाज़ियाबाद निवासी गौरव और सूरजपुर निवासी संदीप घायल हो गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### किश्तवाड़ में महसूस किए भूकंप के झटके



**किश्तवाड़।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। शनिवार दोपहर करीब तीन बजकर 14 मिनट पर किश्तवाड़ की धरती हिलती नजर आई। जिससे लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए। यहां तीन बजकर 14 मिनट पर 2.7 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप की तीव्रता 2.7 थी। केंद्र किश्तवाड़ में 5 किमी अंदर था।

### चचेरे भाई का कत्ल कर मांगी 5 लाख फिरौती



**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले के चांदपुर में 5लाख की फिरौती के लिए सातवीं कक्षा के छात्र का अपहरण किया। छात्र पर ही परिवार वालों से 5 लाख मंगवाने का दबाव बनाया। छात्र के इनकार करने पर भेद खुलता देख छात्र की गला घोंटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने चचेरे भाई समेत 5 आरोपियों को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर कर खुलासा किया है।

---

### जयराम बोले- पीएम मोदी राजनीतिक दलों को विश्वास में लें

# संघर्ष विराम की घोषणा के बाद सर्वदलीय बैठक हो, प्रधानमंत्री करें अध्यक्षता: कांग्रेस



▶▶ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के चार दिन बाद भारत पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम के ऐलान कर दिया है। संघर्ष विराम लागू होने के बाद कांग्रेस ने मांग की है कि अब पहले से कहीं अधिक जरूरत है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता करें और राजनीतिक दलों को विश्वास में लें। कांग्रेस ने कहा कि सरकार पिछले 18 दिनों की घटनाओं पर चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाए।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि अमेरिका की ओर से किए गए ऐलान के मद्देनजर अब पहले से कहीं अधिक जरूरत है कि प्रधानमंत्री एक सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता करें और राजनीतिक दलों को विश्वास में लें। उन्होंने कहा कि अब पहले से कहीं अधिक जरूरत है कि संसद का एक विशेष सत्र बुलाया जाए जिसमें पिछले अठारह दिनों की घटनाओं पर चर्चा हो, जिसमें क्रूर पहलगाम आतंकी हमलों और आगे की रणनीति शामिल हो तथा सामूहिक संकल्प प्रदर्शित हो।

### ओवैसी ने सरकार से पूछा कि हम तटस्थ क्षेत्र पर बातचीत करने के लिए क्यों सहमत हो रहे?

### 4 सवाल, पाक नहीं सुधरा तो सीजफायर के होने या न होने से कोई फर्क नहीं पड़ता



एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने भारत पाकिस्तान के बीच सीजफायर को लेकर कहा कि जब तक पाकिस्तान आतंकियों की पनाहगाह बना रहेगा तब तक दोनों देशों के बीच स्थायी शांति नहीं आ सकती। ऐसे में सीजफायर के होने या न होने से कोई बड़ा फर्क नहीं पड़ता।

ओवैसी ने आगे कहा कि मैं चाहता हूं कि हमारे प्रधानमंत्री ने किसी विदेशी देश के राष्ट्रपति के बजाय संघर्ष विराम की घोषणा की होती। हम शिमला (1972) के समझौते से हमेशा तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप के खिलाफ रहे हैं। हमने अब इसे क्यों स्वीकार कर लिया है? मुझे उम्मीद है कि कश्मीर मुद्दे का अंतर्राष्ट्रीयकरण नहीं किया जाएगा, क्योंकि यह हमारा आंतरिक मामला है। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के जिम्मेदारों को सजा मिलनी ही चाहिए। मैं हमेशा बाहरी आक्रमण के खिलाफ सरकार और सशस्त्र बलों के साथ खड़ा रहा हूं और आगे भी खड़ा रहूंगा। असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि मैं सशस्त्र बलों को उनकी बहादुरी और उनके सराहनीय कौशल के लिए धन्यवाद देता हूं। ओवैसी ने कहा कि मुझे यह भी उम्मीद है कि भारतीय राजनीतिक दल पिछले दो हफ्तों से सीख लेंगे। भारत तब मजबूत होता है जब वह एकजुट होता है। जब भारतीय ही भारतीयों से लड़ते हैं तो हमारे दुश्मनों को फायदा होता है।

ओवैसी ने आगे कहा कि मेरे कुछ सवाल हैं और मुझे उम्मीद है कि सरकार स्पष्ट करेगी। ओवैसी ने सरकार से पूछा कि हम तटस्थ क्षेत्र पर बातचीत करने के लिए क्यों सहमत हो रहे हैं? इन वार्ताओं का एजेंडा क्या होगा? क्या संयुक्त राज्य अमेरिका यह गारंटी देता है कि पाकिस्तान अपने क्षेत्र का उपयोग आतंकवाद के लिए नहीं करेगा?

क्या हमने पाकिस्तान को भविष्य में आतंकी हमले करने से रोकने का अपना लक्ष्य हासिल कर लिया है? क्या हमारा लक्ष्य ट्रंप की मध्यस्थता से युद्ध विराम करवाना था या फिर पाकिस्तान को ऐसी स्थिति में लाना था कि वह किसी और आतंकी हमले के बारे में सपने में भी न सोचे?

### अन्य सियासी दलों ने भी दी अपनी प्रतिक्रिया

#### आतंकवाद के खिलाफ भारत का अडिग रुख



ओडिशा के पूर्व सीएम नवीन पटनायक ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम की घोषणा का स्वागत करते हुए आतंकवाद के खिलाफ भारत के अडिग रुख की सराहना करता हूं। भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों और आतंकवाद को समर्थन देने वाले बुनियादी ढांचे को नष्ट करने में शानदार काम किया है।

#### आतंकवाद के मुकाबले पर दें ध्यान: सिद्धारमैया



कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने कहा कि भारत पाकिस्तान दोनों संघर्ष विराम पर सहमत हो गए हैं। हमें सतर्क रहना चाहिए। हमें आतंकवाद का मुकाबला करने पर ध्यान केंद्रित रखना चाहिए।

#### संघर्ष विराम दोनों देशों के लिए अच्छा: परमेश्वर



कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने कहा कि दोनों देश लड़ाई को आगे न बढ़ाने पर सहमत हुए हैं। इसकी मध्यस्थता अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने की है। मैं इसका स्वागत करता हूं। हमारे सीएम ने आधिकारिक तौर पर इसका स्वागत किया है। यह दोनों देशों के लिए अच्छा है।

#### भारत ने युद्ध कभी नहीं चाहा, हम पर थोपा गया



आरजेडी सांसद मनोज झा ने कहा कि इतिहास में भारत ने कभी युद्ध नहीं चाहा, युद्ध हमेशा हम पर थोपा गया, लेकिन जब भी हमने युद्ध लड़ा है, हमने बहादुरी से लड़ा है। मैं सशस्त्र बलों की वीरता को सलाम करता हूं। हमारे सशस्त्र बलों ने आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया है। नागरिकों और सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना नहीं बनाया गया।

---

### भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष

## केरल के 75 छात्रों को बाह्य राज्यों से वापस लाया गया




एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम/नई दिल्ली

कुछ सीमावर्ती राज्यों के विश्वविद्यालयों में अध्ययन कर रहे केरल के लगभग 75 छात्र भारत और पाकिस्तान के मध्य सैन्य संघर्ष के बीच अपने घर वापस आ रहे हैं। राज्य सरकार ने शनिवार को यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि जम्मू, राजस्थान, पंजाब और पाकिस्तान की सीमा से लगे अन्य स्थानों के विभिन्न केंद्रीय और राज्य विश्वविद्यालयों के छात्र दिल्ली स्थित केरल हाउस पहुंचे। इसमें कहा गया है कि छात्र विभिन्न उड़ानों और ट्रेनों के माध्यम से केरल पहुंचे। दिल्ली में मीडिया से बात करते हुए कुछ छात्रों ने कहा कि पंजाब के जालंधर जैसे स्थानों पर ड्रोन हमले अभी भी जारी हैं और उनके जैसे कई अन्य लोग घर वापस जाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन उन्हें हवाई या रेल टिकट मिलने में कठिनाई हो रही है।

#### माकपा ने रेल मंत्री से की गुजारिश

विधानसभा में विपक्ष के नेता वी डी सतीशन ने कहा कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान के बीच जारी सैन्य संघर्ष और सीमावर्ती राज्यों में उत्पन्न तनाव के मद्देनजर पंजाब और कश्मीर में फंसे छात्रों को वापस लाने के लिए मुख्यमंत्री पिनराई विजयन से फोन पर बात की है। सतीशन ने कहा कि केरल के करीब 240 छात्र संघर्ष प्रभावित राज्यों में हैं और वे वहां डर के साये में रह रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया है कि इस मामले में तत्काल कदम उठाए जाएंगे। इस बीच, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के राज्यसभा सदस्य ए ए रहीम ने सीमावर्ती राज्यों में फंसे लोगों की सुरक्षित घर वापसी सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की और वापसी के लिए सुविधा देने की बात कही।

#### विशेष ट्रेन सेवाएं शुरू की जाएं

रहीम ने कहा कि सीट उपलब्ध न होने के कारण अपने घर पहुंचने के लिए ट्रेन टिकट के लिए संघर्ष कर रहे हैं। ट्रेन में भीड़भाड़ और पर्याप्त कनेक्टिविटी की कमी से भारी कठिनाई हो रही है, जिससे कई लोग विभिन्न शहरों में फंस गए हैं या यात्रा के वैकल्पिक साधनों के लिए अत्यधिक कीमत चुकाने को मजबूर हैं। उन्होंने मंत्री से आग्रह किया कि उत्तर-दक्षिण के प्रमुख मार्गों पर चलने वाली सभी ट्रेन में कोच की संख्या बढ़ाई जाए, खासकर केरल से गुजरने वाली ट्रेनों में तथा उत्तर और पश्चिमी भारत के प्रमुख स्टेशन से केरल और अन्य प्रभावित राज्यों के लिए विशेष ट्रेन सेवाएं शुरू की जाएं।

---

### *चंडीगढ़ और मुंबई में लगाए गए ब्लड कैंप*

तनाव के बीच देशभक्ति की मिसाल

## ड्यूटी पर तैनात जवानों के काम आएंगे ये खून, बढ़-चढ़कर लोग ले रहे भाग

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय सेना इस वक्त पाकिस्तान के साथ चल रहे विवाद के चलते बॉर्डर इलाकों पर अपना काम बखूबी कर रही है। भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। पाकिस्तान ने दूसरे देशों के हथियारों के भरोसे लगातार दूसरे दिन भी भारत के 20 से ज्यादा शहरों को निशाना बनाया, जिस पर भारत ने जवाबी कार्रवाई करते हुए सभी ड्रोन को मार गिराया है।

इसी बीच ड्यूटी पर तैनात जवानों की मदद के लिए चंडीगढ़ और मुंबई में रक्तदान के लिए लोगों से आग्रह किया जा रहा है और कई जगहों पर ब्लड कैंप का आयोजन भी किया जा रहा है। पीजीआईएमईआर अस्पताल ने जवानों की सहायता के लिए आपातकालीन रक्त भंडार बनाने हेतु स्वैच्छिक रक्तदान का आग्रह किया है।



**'रक्तदान देश के नाम'**

मुंबई के नायर अस्पताल ने भी देश के सैनिकों के लिए ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया, इसका स्लोगन दिया गया 'रक्तदान देश के नाम'। नायर अस्पताल ने कहा कि आज ब्लड डोनेशन कैंप लगाया गया ताकि अगर भविष्य में रक्त की आवश्यकता पड़ती है तो किसी भी प्रकार से की कमी नहीं पढ़नी चाहिए। लोगों को इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए।



### हत्या, बलात्कार का आरोपी 17 साल बाद धरा गया

**नई दिल्ली।** पिछले 17 साल से फरार हत्या और बलात्कार के एक आरोपी को महाराष्ट्र में एक चलती ट्रेन से पकड़ा गया और उसे दिल्ली लाया गया। आरोपी की पहचान मोहम्मद आलम के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि वह बिहार में 2008 में हुई हत्या के एक मामले में वांछित था, जिसमें उसने 5 साथियों के साथ मिलकर एक व्यक्ति की चाकू घोंपकर हत्या कर दी थी।

### *चारधाम यात्रा पर मुख्यमंत्री धामी ने लोगों का संदेह किया दूर*

इस आयोजन पर किसी तरह का कोई खतरा नहीं

## यात्रा निर्बाध शुरू रहेगी, हेलीकॉप्टर सेवा भी पूरी तरह से संचालित की जाएगी

एजेंसी ▶▶ देहरादून

भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव के बीच पूरे देश में अलर्ट है। इसी बीच लोगों के मन में सवाल उठ रहा है कि, क्या उत्तराखंड में चल रही चारधाम की यात्रा पर भी इसका कोई असर पड़ेगा। यात्रा को लेकर सोशल चल रही खबर को लेकर सीएम धामी ने स्पष्ट कर दिया है। उन्होंने पोस्ट करते हुए लिखा है कि प्रिय श्रद्धालुगण, प्रदेश में चारधाम यात्रा निर्बाध रूप से संचालित है। अब तक 4 लाख से अधिक श्रद्धालु धामों के दर्शन कर चुके हैं। श्री केदारनाथ धाम के लिए हेली सेवाएं भी पूरी तरह से संचालित हैं।

#### अफवाहों पर बिल्कुल ध्यान न दें



अफवाह को लेकर उत्तराखंड पुलिस ने एक वीडियो संदेश जारी करते हुए कहा था कि चारधाम यात्रा सुचारू रूप से चल रही है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था एवं यातायात प्रबंधन के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। श्रद्धालु किसी भी प्रकार की भ्रामक खबरों या अफवाहों पर बिल्कुल ध्यान न दें,उत्तराखंड पुलिस आपकी सुरक्षित यात्रा के लिए प्रतिबद्ध है।

**लोग केदारनाथ के भी करें दर्शन**

केदारनाथ की हेली सेवा फिर से सुचारू रूप से शुरू हो गई है, जो यात्रा को लेकर एक राहत की खबर है। यह कुछ घंटों तक हेली सेवा में रुकावट के बाद अब सभी हवाई यात्रा मार्गों को फिर से खोल दिया गया है। जंग के हालात को देखते हुए बंद करने की खबर थी।

---

### भारतमाला एक्सप्रेस-वे देश के लिए 'ब्रह्मास्त्र' के रूप में उभरा

## भारत की सामरिक ताकत का मजबूत आधार बना

एजेंसी ▶▶ जालौर

पाक बॉर्डर से सिर्फ 40 किलोमीटर दूर राजस्थान की अगड़ावा हवाई पट्टी वॉर मोड में अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुआ। राजस्थान के रेतीले धोरों में बसा जालोर आज देश की सुरक्षा में एक अहम भूमिका निभा रहा है। जालोर जिले के अगड़ावा गांव में बनी एयरस्ट्रिप अब भारत की सामरिक ताकत का मजबूत आधार बन चुकी है। जहां कभी बैलगाड़ियां चलती थीं, आज वहां भारतीय वायुसेना के फाइटर जेट उतरते हैं।

**बैलगाड़ियों की जगह आज फाइटर उड़ रहे**

### सीमा से 40 किमी दूर पाकिस्तान के लिए बना तबाही का कारण



#### रनवे सेना के लिए सुविधाजनक

अगड़ावा हवाई पट्टी भारतमाला एक्सप्रेस-वे का हिस्सा है, जो जालोर और बाड़मेर की सीमा से होकर गुजरता है। इस जगह को खास बनाती है। इसकी भौगोलिक स्थिति-क्योंकि पाकिस्तान की सीमा यहां से महज 40 किलोमीटर दूर है। ऐसे में ये रनवे युद्ध की स्थिति में भारतीय सेना के लिए एक वैकल्पिक और रणनीतिक आधार बनकर उभरा है।

**तकनीकी विकास और स्वनिर्भरता का प्रतीक**

यह एयरस्ट्रिप सिर्फ एक हवाई पट्टी नहीं है अपितु यह जालोर की मिट्टी में बसी देशभक्ति, तकनीकी विकास और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। अगड़ावा नई सुरक्षा रणनीति का अहम हिस्सा है।

**लड़ाकू विमान सफलतापूर्वक लैंडिंग कर रहे**

9 सितंबर 2021 कोरक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने इस एयरस्ट्रिप का उद्घाटन किया था। तभी से सी-130 हरक्यूलिस, सुखोई-30, जगुआर और एएन -32 जैसे लड़ाकू विमानों यहां उतर रहे।

#### भारत की नई सुरक्षा रणनीति का अहम हिस्सा

करीब 33 करोड़ से तैयार ये हवाई पट्टी 3 किलोमीटर लंबी और 33 मीटर चौड़ी है। दोनों सिरों पर विमान पार्किंग के लिए विशेष जोन बनाए गए हैं। एक्सप्रेस-वे की वजह से देश के अलग-अलग कोनों से यहां तेज और आसान कनेक्टिविटी भी संभव है। अगड़ावा एयरस्ट्रिप न सिर्फ सैन्य दृष्टि से, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए भी गौरव का कारण है। कभी खेती और सीमित संसाधनों का क्षेत्र माना जाने वाला अगड़ावा, आज देश की सुरक्षा का प्रहरी बन गया है। जालोर जैसे सीमांत जिले के लिए यह बदलाव प्रेरणादायक है।

---

### गेल ने ऊर्जा परियोजनाओं में किया समझौता

## 5 साल में 1 गीगावाट तक का नव ऊर्जा संयंत्र बनेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की गैस उपयोगिता कंपनी गेल (इंडिया) लिमिटेड ने कर्नाटक सरकार के साथ राज्य में एक गीगावाट तक की नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं की स्थापना की संभावना तलाशने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। कंपनी ने कहा कि कर्नाटक सरकार गेल को राज्य सरकार की मौजूदा नीतियों और नियमों और विनियमों के अनुसार राज्य के संबंधित विभागों से अनुमति,पंजीकरण, मंजूरी प्राप्त करने में सुविधा प्रदान करेगी।



#### मंत्रियों की उपस्थिति में साइन किए गए

कंपनी 2035 तक अपने परिचालन के लिए शुद्ध-शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य बना रही है। एमओयू पर हस्ताक्षर बेंगलुरु में बड़े और मध्यम उद्योग और बुनियादी ढांचा विकास मंत्री एमबी पाटिल और ऊर्जा मंत्री केजे जॉर्ज की उपस्थिति में अधिकारियों के बीच किया गया।

# सऊदी अरब की सलाह, टकराव नहीं बातचीत से निकालें विवादों के समाधान





**दोनों देशों में तनाव कम करने सऊदी अरब के विदेश राज्य मंत्री आदिल अल-जुबैर ने किया भारत और पाकिस्तान का दौरा**

**दुबई (भाषा)।** सऊदी अरब ने शनिवार को कहा कि वह भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव कम करने, मौजूदा सैन्य टकराव को समाप्त करने के प्रयास कर रहा है। इसके साथ ही बातचीत एवं कूटनीतिक तरीकों से सभी विवादों के समाधान तलाशने को बढ़ावा दे रहा है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि सऊदी नेतृत्व के निर्देश पर विदेश राज्य मंत्री आदिल अल-जुबैर ने आठ और नौ मई को भारत और पाकिस्तान का दौरा किया। यह दौरा तनाव कम करने, वर्तमान सैन्य टकराव को समाप्त करने और सभी विवादों के वार्ता एवं कूटनीतिक माध्यमों से समाधान किए जाने को बढ़ावा देने के प्रयासों का हिस्सा है।

सऊदी अरब का यह बयान ऐसे समय आया है जब भारत एवं पाकिस्तान के बीच तनाव काफी बढ़ गया है। पाकिस्तान ने शनिवार सुबह दावा किया कि भारत ने मिसाइल और ड्रोन के जरिए उसके तीन एयरबेस को निशाना बनाया।

पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने तड़के करीब चार बजे इस्लामाबाद में जल्दबाजी में बुलाए गए संवाददाता सम्मेलन में बताया कि पाकिस्तानी वायुसेना के नूर खान (चकलाला, रावलपिंडी), मुरीद (चकवाल) और रफीकी (झंग जिले में शोरकोट) एयरबेस को निशाना बनाया गया। इसके कुछ मिनट बाद सरकारी 'पीटीवी' ने सुरक्षा अधिकारियों का हवाला देते हुए कहा कि पाकिस्तान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए 'बुनयान अल-मरसूस' नामक अभियान शुरू किया है, जिसका अर्थ है 'लौह दीवार'। जुबैर भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव कम करने के प्रयासों के तहत भारत के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात करने के लिए अघोषित यात्रा पर बृहस्पतिवार को नई दिल्ली गए थे। सऊदी मंत्री ने शुक्रवार को इस्लामाबाद का दौरा किया, जहां उन्होंने पाकिस्तान के शीर्ष नेतृत्व के साथ बातचीत की। इस बीच, पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने शनिवार को कहा कि यदि भारत और हमले नहीं करता है तो उनका देश तनाव कम करने पर विचार करेगा। इशाक डार ने साथ ही कहा कि यदि भारत ने कोई हमला किया तो हम भी जवाब देंगे।

डार ने पाकिस्तान के 'जियो न्यूज' से कहा कि जब दो घंटे पहले अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने नई दिल्ली से बात करने के बाद उनसे संपर्क किया था तो उन्होंने उन्हें भी यही संदेश दिया था। डार ने कहा, हमने जवाब दिया क्योंकि हमारे धैर्य की सीमा खत्म हो गई है। अगर वे यहां रुक जाते है तो हम भी रुकने पर विचार की करेंगे।

## भारत-पाक में बढ़े तनाव पर सिंगापुर ने जताई चिंता

**सिंगापुर (भाषा)।** सिंगापुर कहा है कि वह भारत और पाकिस्तान के बीच जारी सैन्य टकराव को लेकर गंभीर रूप से चिंतित है और उसने दोनों पक्षों से तनाव कम करने का आग्रह किया है। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के जवाब में भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा मंगलवार देर रात को पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकवादियों के ठिकानों को निशाना बनाकर किए गए सटीक हमलों के बाद दोनों पड़ोसी देशों के बीच तनाव काफी बढ़ गया है।

पाकिस्तान ने शुकवार को लगातार दूसरी रात जम्मू कश्मीर से लेकर गुजरात तक 26 स्थानों पर ड्रोन हमले किए तथा रक्षा मंत्रालय ने कहा कि दुश्मन द्वारा हवाई अड्डों और एयरबेस सहित महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों पर किए गए हमलों को विफल कर दिया गया। पाकिस्तान द्वारा यह ताजा हमला ऐसे समय में हुआ जब एक दिन पहले ही भारत ने पाकिस्तानी सेना द्वारा ड्रोन और मिसाइल के जरिए भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमला करने के प्रयासों को विफल कर दिया था।

## चीन ने भारत-पाक से शांति और संयम बरतने की अपील की

**बीजिंग (भाषा)।** चीन ने शनिवार को भारत और पाकिस्तान के मध्य सैन्य संघर्ष बढ़ने की खबरों के बीच दोनों पड़ोसी देशों से शांति और संयम बरतने तथा शांतिपूर्ण समाधान के रास्ते पर लौटने का पुरजोर आग्रह किया। चीन के विदेश मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि भारत और पाकिस्तान के बीच जारी स्थिति पर चीन करीबी नजर रखे हुए है और तनाव बढ़ने से बेहद चिंतित है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, हम दोनों पक्षों से शांति और स्थिरता के व्यापक हित में कार्य करने, शांति और संयम बरतने, शांतिपूर्ण तरीकों से राजनीतिक समाधान के रास्ते पर लौटने और ऐसी किसी भी कार्रवाई से बचने की पुरजोर अपील करते हैं, जिससे तनाव और बढ़ सकता है। प्रवक्ता ने यह बात भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष बढने की खबरों के बारे में पूछे गए एक प्रश्न पर कही। पाकिस्तान चीन का सहयोगी देश है। इसमें कहा गया है, 'ह भारत और पाकिस्तान दोनों के बुनियादी हितों और एक स्थिर और शांतिपूर्ण क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण होगा। अंतरराष्ट्रीय समुदाय भी यही उम्मीद करता है। चीन इस दिशा में एक रचनात्मक भूमिका निभाना जारी रखना चाहता है। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद चीन ने इसकी निंदा करते हुए संयम बरतने तथा हमले की निष्पक्ष और त्वरित जांच की मांग की थी।

## अमेरिकी विदेश मंत्री ने की वार्ता शुरू करने में सहयोग की पेशकश

**न्यूयॉर्क/वॉशिंगटन (भाषा)।** भारत एवं पाकिस्तान के मध्य बढ़ते तनाव के बीच, अमेरिका ने भविष्य में विवादों से बचने के लिए सार्थक वार्ता शुरू करने में सहयोग की पेशकश करते हुए दोनों पड़ोसी देशों को तनाव कम करने और सीधा संवाद बहाल करने के तरीके तलाशने की जरूरत बताई है। अमेरिका के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने शनिवार सुबह कहा कि अमेरिकी विदेश मंत्री रुबियो ने विदेश मंत्री एस जयशंकर और पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री इशाक डार से अलग-अलग बात की। जयशंकर के साथ वार्ता में रुबियो ने इस बात पर जोर दिया कि दोनों पक्षों को गलत अनुमान लगाने से बचने के लिए प्रत्यक्ष संवाद को फिर से स्थापित करने और तनाव कम करने के तरीके तलाशने की आवश्यकता है। ब्रूस ने कहा, उन्होंने भविष्य में होने वाले विवादों को टालने के लिए सार्थक चर्चाओं को सुविधाजनक बनाने में अमेरिका की ओर से समर्थन दिए जाने का प्रस्ताव रखा।

## संक्षिप्त खबरें

### घाटी में मारे गए लोगों के परिजनों को 10-10 लाख रुपए की मदद

**जम्मू (भाषा)।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने केंद्र शासित प्रदेश में पाकिस्तानी गोलाबारी में जान गंवाने वालों के परिजनों को 10-10 लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने की शनिवार को घोषणा की। भारतीय सशस्त्र बलों ने पिछले महीने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में सात मई को सीमा के पार नौ आतंकी ठिकानों पर हमला किया था, जिसके बाद पिछले चार दिन में पुंछ, राजौरी, जम्मू और बारामुला सेक्टरों में पड़ोसी देश की गोलाबारी में एक अतिरिक्त जिला विकास आयुक्त और 19 ग्रामीणों की मौत हो गई।

### भारतीय बंदरगाहों, टर्मिनलों के लिए समुद्री सुरक्षा बढ़ाई गई

**नई दिल्ली।** पोत परिवहन महानिदेशालय ने भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे संघर्ष को देखते हुए भारतीय बंदरगाहों, टर्मिनलों और भारतीय ध्वज वाले जहाजों के लिए समुद्री सुरक्षा को 'एमएआरएसईसी स्तर दो या उच्च सुरक्षा' तक बढ़ा दिया है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बताया, यह निर्देश आठ मई को जारी किया गया था। पोत परिवहन महानिदेशालय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के अधीन कार्य करता है। अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन (आईएमओ) द्वारा विकसित अंतरराष्ट्रीय जहाज और बंदरगाह सुविधा सुरक्षा (आईएसपीएस) कोड, एसओएलएएस (समुद्र में जीवन की सुरक्षा) सम्मेलन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

### माल्टा बना यूरोप का सबसे बड़ा जहाज रजिस्ट्री स्थल

**वैलेट।** माल्टा की जहाज रजिस्ट्री में वर्ष की पहली तिमाही के अंत तक 10 हजार से अधिक जहाज पंजीकृत हो चुके है, जिससे यह यूरोप में सबसे बड़ी और दुनिया में छठी सबसे बड़ी जहाज रजिस्ट्री बन गई है। माल्टा के परिवहन मंत्रालय ने कहा कि जब सुपरयॉट की बात आती है, तो माल्टा विश्व स्तर पर शीर्ष स्थान पर है। मंत्रालय के अनुसार माल्टा जल्द ही डिजिटल प्रणाली की शुरुआत के माध्यम से पंजीकरण प्रक्रिया को बेहतर बनाने और सुव्यवस्थित करने के लिए एक और कदम आगे बढ़ाएगा।

### उत्तर पश्चिमी पाकिस्तान में नौ सुरक्षाकर्मियों की मौत

**पेशावर।** उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में एक चौकी पर हुए हमले के बाद आतंकवादियों से लड़ते हुए नौ सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। शनिवार को मीडिया में आई एक खबर में यह जानकारी दी गई। उर्दू के दैनिक समाचार पत्र 'मशरिक' ने बताया कि आतंकवादियों ने अफगानिस्तान की सीमा से लगे खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के दक्षिण वजीरिस्तान जिले के शाकाई तहसील में शुक्रवार को डांडा चौकी पर हमला किया।

### मानवता के लिए एआई मुख्य चुनौती : पोप लियो

**वेटिकन सिटी।** पोप लियो 14वें ने शनिवार को अपने कार्यकाल का दृष्टिकोण पेश करते हुए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को मानवता के लिए सबसे बड़े मुद्दों में से एक बताया। लियो ने अपने पहले औपचारिक संबोधन में स्पष्ट किया कि वह आधुनिकीकरण के पोप फ्रांसिस के प्रयासों का अनुसरण करेंगे, ताकि कैथोलिक चर्च को समावेशी बनाया जा सके।


## पाक के पूर्व एयर मार्शल ने माना, देश कठिन स्थिति में

**इस्लामाबाद (वार्ता)।** पाकिस्तान के पूर्व एयर मार्शल मसूद अख्तर ने स्वीकार किया है कि भारत की ओर से पाकिस्तान स्थित सैन्य प्रतिष्ठानों पर किए गए सटीक हमलों के कारण देश मुश्किल घड़ी में है। सेवानिवृत्त एयर मार्शल ने टेलीविजन पर एक साक्षात्कार में कहा, मौजूदा समय में हम कठिन स्थिति में हैं और अभी हमारे पास स्पष्ट जबाव नहीं है। उन्होंने भारत-पाक की सैन्य संख्याओं में व्यापक असमानता का जिक्र करते हुए कहा कि भारत की सैन्य संख्या 16 लाख है जबकि पाकिस्तान की मात्र छह लाख ही सैन्य संख्या है। पूर्व मार्शल ने कहा,किसी भी तरह की धार्मिक युद्ध की बयानबाजी भारत-पाक के बीच तनाव को कम नहीं कर सकती।

उनका मानना है कि स्थिति दिनों-दिन बदतर होती जा रही है और अमेरिका के इस संघर्ष में हस्तक्षेप करने से ही दोनों के बीच तनाव को कम करने की उम्मीद की जा सकती है। उन्होंने अरब देशों और ईरान के कूटनीति प्रयासों की भी आलोचना की। उन्होंने कहा, भारत उनकी मध्यस्थता के लिए तैयार नहीं है।

# ट्रंप का दावा, अमेरिकी मध्यस्थता से भारत-पाक में संघर्ष विराम

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, पूरी रात चली बातचीत



**वॉशिंगटन (भाषा)।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को दावा किया कि अमेरिका की मध्यस्थता से हुई वार्ता के बाद भारत और पाकिस्तान तत्काल और पूर्ण संघर्ष विराम पर सहमत हो गए हैं। अमेरिका की मध्यस्थता से संघर्ष विराम ऐसे समय में हुआ है जब भारत और पाकिस्तान की सेनाओं द्वारा एक-दूसरे के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया जा रहा था, जिससे संघर्ष गंभीर रूप से बढ़ गया था। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने 'ट्रुथ सोशल' पर एक पोस्ट में घोषणा की, अमेरिका की मध्यस्थता में पूरी रात चली बातचीत के बाद, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि भारत और पाकिस्तान तत्काल और पूर्ण संघर्ष विराम पर सहमत हो गए है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, दोनों देशों को समझदारी और विवेक का इस्तेमाल करने के लिए बधाई। इस मामले पर ध्यान देने के लिए धन्यवाद। ट्रंप ने यह घोषणा अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के विदेश मंत्री एस जयशंकर, पाकिस्तान के विदेश मंत्री इसहाक डार और पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर से बातचीत के बाद की। रुबियो ने भी 'एक्स' पर ऐसा ही बयान दिया है। रुबियो ने कहा, पिछले 48 घंटे में उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और मैंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विदेश मंत्री जयशंकर और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, सेना प्रमुख मुनीर और भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल समेत वरिष्ठ भारतीय और पाकिस्तानी अधिकारियों के साथ बातचीत की है। रुबियो ने कहा कि उन्हें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि भारत और पाकिस्तान की सरकारें तत्काल संघर्ष विराम और तटस्थ स्थल पर व्यापक मुद्दों पर बातचीत शुरू करने पर सहमत हो गई है। उन्होंने कहा, हम शांति का मार्ग चुनने के लिए प्रधानमंत्री मोदी और शरीफ के विवेक और राजनीतिक सूझबूझ की सराहना करते हैं। नई दिल्ली में सरकारी सूत्रों ने बताया कि भारत और पाकिस्तान के बीच गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने का मामला सीधे तौर पर दोनों देशों के बीच तय हुआ था।

पाकिस्तान के सैन्य अभियान महानिदेशक (डीजीएमओ) ने शनिवार दोपहर फोन पर बातचीत की जिसके बाद चर्चा हुई और सहमति बनी। इस्लामाबाद में पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री डार ने तत्काल प्रभाव से संघर्ष विराम की पुष्टि की। डार ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, पाकिस्तान और भारत तत्काल प्रभाव से संघर्ष विराम पर सहमत हो गए है। पाकिस्तान ने हमेशा अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता से समझौता किए बिना क्षेत्र में शांति और सुरक्षा के लिए प्रयास किया है।

## पाकिस्तान ने सभी प्रकार के यातायात के लिए हवाई क्षेत्र खोलने की घोषणा की

**इस्लामाबाद (भाषा)।** पाकिस्तान ने शनिवार को घोषणा की कि वह भारत के साथ संघर्षविराम की घोषणा के तुरंत बाद अपने हवाई क्षेत्र को सभी प्रकार के यातायात के लिए खोल रहा है। पाकिस्तान हवाई अड्डा प्राधिकरण (पीएए) ने यह घोषणा ऐसे समय की है जब भारत के साथ बढ़ते तनाव के समाप्त होने के बाद देश में सामान्य स्थिति लौटती दिख रही है। पीएए ने कहा, देश के सभी हवाई अड्डे सामान्य उड़ान परिचालन के लिए उपलब्ध हैं। यात्रियों से अनुरोध है कि वे अपनी उड़ानों के नवीनतम कार्यक्रम के लिए संबंधित एयरलाइन से संपर्क करें। इसने यह भी कहा कि पाकिस्तान का हवाई क्षेत्र सभी प्रकार की उड़ानों के लिए पूरी तरह से बहाल कर दिया गया है और देश के सभी हवाई अड्डे सामान्य उड़ान परिचालन के लिए उपलब्ध है। भारत के साथ तनाव के कारण पाकिस्तान का हवाई क्षेत्र कुछ समय के लिए बंद रहा, जिससे नियमित हवाई यातायात बाधित हुआ और यात्रियों को असुविधा हुई।

## संरा महासचिव ने संघर्ष विराम की घोषणा का स्वागत किया



**संयुक्त राष्ट (भाषा)।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतेरेस ने शनिवार को भारत और पाकिस्तान के बीच तत्काल संघर्ष विराम की घोषणा का स्वागत किया। महासचिव के उप प्रवक्ता फरहान हक ने बताया, हम नजर बनाए हुए है, हम संघर्ष को कम करने के सभी प्रयासों का स्वागत करते है। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने 'ट्रुथ सोशल' पर एक पोस्ट में घोषणा की, अमेरिका की मध्यस्थता में पूरी रात चली बातचीत के बाद, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि भारत और पाकिस्तान 'तत्काल और पूर्ण संघर्ष विराम' पर सहमत हो गए हैं।

# यूक्रेन 30 दिवसीय युद्धविराम को तैयार



**रूस-यूक्रेन संघर्ष : यूक्रेन के विदेश मंत्री आंद्रेई सिबिहा ने कहा, वे पूर्ण, बिना शर्त युद्ध विराम के लिए तैयार**

**कीव (एपी)।** यूक्रेन के विदेश मंत्री आंद्रेई सिबिहा ने शनिवार को कहा कि यूक्रेन और उसके सहयोगी सोमवार से 30 दिनों के लिए रूस के साथ जारी संघर्ष में पूर्ण, बिना शर्त युद्ध विराम के लिए तैयार है। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब चार प्रमुख यूरोपीय देशों के नेताओं ने कीव का दौरा किया है, तथा मॉस्को पर लगभग तीन साल से चल रहे युद्ध को समाप्त करने के लिए शांति वार्ता शुरू करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। यह घटनाक्रम रूस द्वारा घोषित एकतरफा तीन दिवसीय युद्ध विराम के अंतिम दिन सामने आया है। तीन दिवसीय युद्ध विराम के बारे में यूक्रेन का कहना है कि क्रेमलिन की सेनाओं ने बार-बार इसका उल्लंघन किया है। मार्च में, अमेरिका ने तत्काल, सीमित 30-दिवसीय युद्धविराम का प्रस्ताव रखा था, जिसे यूक्रेन ने स्वीकार कर लिया था, लेकिन क्रेमलिन (रूसी राष्ट्रपति कार्यालय) ने अपनी पसंद के अनुसार शर्तो पर जोर दिया था।

## कीव पहुंचे यूरोपीय नेता

**कीव (एपी)।** रूस और यूक्रेन में तीन साल से जारी युद्ध में एक महीने के युद्धविराम पर राजी होने के लिए रूस पर बढ़ते दबाव के बीच चार यूरोपीय देशों के नेता शनिवार को संयुक्त समर्थन दर्शाने के लिए कीव पहुंचे। फ्रांस, जर्मनी, पोलैंड और ब्रिटेन के नेता कीव के रेलवे स्टेशन पर एक साथ पहुंचे, जहां उन्होंने यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात की। इसके तुरंत बाद उन्होंने द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित एक समारोह के दौरान कीव के स्वतंत्रता चौक पर शहीद हुए यूक्रेनी सैनिकों की याद में निर्मित अस्थाई ध्वज स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। यह पहली बार है, जब चारों देशों के नेता एक साथ यात्रा करके यूक्रेन पहुंचे। फ्रेडरिक मर्ज जर्मनी के नए चांसलर के रूप में पहली बार यूक्रेन की यात्रा कर रहे है।

## मानसून के 27 मई को केरल पहुंचने की संभावना!

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने रविवार को कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून के 27 मई को केरल पहुंचने की संभावना है, जो आमतौर पर एक जून को दस्तक देता है। आईएमडी के आंकड़े के अनुसार, यदि मानसून केरल में उम्मीद के अनुरूप पहुंचता है, तो यह 2009 के बाद से भारतीय मुख्य



भूमि पर मानसून का समय से पहले आगमन होगा। तब मानसून ने 23 मई को दस्तक दी थी। भारतीय मुख्य भूमि पर मानसून के आगमन की आधिकारिक घोषणा तब की जाती है जब यह केरल पहुंचता है, आमतौर पर एक जून के आसपास। दक्षिण-पश्चिम मानसून 8 जुलाई तक पूरे देश में छा जाता है।

# पाक स्थित अमेरिकी मिशन ने कर्मियों की आवाजाही पर लगाया प्रतिबंध

**न्यूयॉर्क (भाषा)।** पाकिस्तान स्थित अमेरिकी मिशन ने कहा है कि उसने सभी कर्मियों की आवाजाही पर रोक लगा दी है। पाकिस्तान और भारत में मौजूदा तनाव के बीच मिशन के सभी कर्मियों को अगले आदेश तक अपने घरों में ही रहने की सलाह दी है। पाकिस्तान में अमेरिकी दूतावास और वाणिज्य दूतावासों की ओर से जारी सुरक्षा अलर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तानी सेना ने पाकिस्तान के सभी निवासियों को अगले आदेश तक अपने घरों में रहने की सलाह दी है। पाकिस्तान में अमेरिकी मिशन ने सभी कर्मियों की आवाजाही पर रोक लगा दी है।

आदेश में कहा गया है, अमेरिकी नागरिकों को आतंकवाद और सशस्त्र संघर्ष की संभावना के कारण भारत-पाकिस्तान सीमा और नियंत्रण रेखा के आस-पास के क्षेत्रों की यात्रा नहीं करें के परामर्श और आम तौर पर पाकिस्तान के लिए अमेरिकी विदेश विभाग की यात्रा पर पुनर्विचार करें सलाह की फिर से याद दिलाई जाती है। विभाग की लंबे समय से जारी यात्रा पर पुनर्विचार करें सलाह में यात्रियों से पाकिस्तान की यात्रा पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया गया है। इसमें कहा गया है, अगर अमेरिकी नागरिक खुद को सक्रिय संघर्ष वाले क्षेत्र में पाते है, तो उन्हें सुरक्षित होने पर वहां से निकल जाना चाहिए। अगर वे सुरक्षित तरीके से नहीं निकल सकते, तो उन्हें सुरक्षित जगह पर शरण लेनी चाहिए। चेतावनी में कहा गया है कि पाकिस्तान के लिए और वहां से उड़ान की उपलब्धता अस्थिर बनी हुई है, तथा अमेरिकी नागरिक यात्रियों को उड़ान की स्थिति की अपनी एयरलाइन से पता कर लेनी चाहिए। इसमें कहा गया है कि अमेरिकी नागरिकों को सावधानी बरतनी चाहिए और यदि आप खुद को अप्रत्याशित रूप से सैन्य गतिविधियों के आस-पास पाते है तो उस क्षेत्र को छोड़ दें। यदि स्थानांतरित नहीं हो सकते है तो आश्रय लें, व्यक्तिगत सुरक्षा योजना की समीक्षा करें, खामोशी से रहें, आस-पास के वातावरण से अवगत रहें, पहचान पत्र साथ रखें और अधिकारियों के साथ सहयोग करें।

# आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को रूस का पूर्ण समर्थन

**रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा, सैन्य साजो सामान संबंधी ऑर्डर को भी शीघ्र पूरा करने का वादा**

**मॉस्को (भाषा)।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शनिवार को कहा कि रूस ने सभी तरह के आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया है और सैन्य साजो सामान संबंधी ऑर्डर को शीघ्र पूरा करने का वादा किया है। द्वितीय विश्व युद्ध में नाजी जर्मनी पर सोवियत संघ की जीत की 80वीं वर्षगांठ पर भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले सेठ ने सैन्य और तकनीकी सहयोग को प्रगाढ़ करने पर चर्चा करने के लिए रूस के उप रक्षा मंत्री कर्नल जनरल अलेक्जेंडर फोमिन से मुलाकात की।

सेठ ने बताया, रूस ने आश्वासन दिया कि वह सभी तरह के आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई में समर्थन करेगा और कहा कि दोनों देशों के बीच सहयोग मौजूदा समझौतों के आधार पर आगे बढ़ता रहेगा। उन्होंने कहा कि रूस ने प्रक्रिया के अधीन मौजूदा सैन्य साजो सामान संबंधी ऑर्डर को तुरंत पूरा करने का वादा किया है। दोनों पक्ष मौजूदा ढांचे और नियमित परामर्श के माध्यम से संबंधों को प्रगाढ़ बनाने पर सहमत हुए। बैठक के दौरान, उन्होंने सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ रूस के समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। यात्रा के दौरान सेठ ने अज्ञात सैनिकों के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने शुक्रवार को मॉस्को में भारतीय समुदाय के सदस्यों को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा,रूस में मौसम जितना ठंडा होता है, भारत के साथ दोस्ती में उतनी ही गर्माहट होती है। उन्होंने कहा कि मई का महीना सुहाना रहता है, लेकिन इस साल यह असामान्य रूप से ठंड है। सेठ ने कहा कि वह रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के विनम्र स्वभाव से बहुत प्रभावित है। सेठ ने विजय दिवस परेड में भारत का प्रतिनिधित्व किया, क्योंकि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ सैन्य टकराव के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी या रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह विदेश यात्रा पर नहीं जा सके।

## इस्राइल ने इस्लामिक जिहादी आतंकवादी बेतावी को मार गिराया

**यरुशलम (वार्ता)।** इस्राइली लड़ाकों ने उत्तरी वेस्ट बैंक के जेनिन में इस्लामिक जिहाद आंदोलन के प्रमुख को मार गिराया है। इस्राइल रक्षा बलों (आईडीएफ) और इस्राइल पुलिस ने यह जानकारी दी है। आईडीएफ ने बताया कि फिलिस्तीनी आतंकवादी नूर बेतावी ने आतंकवादी बुनियादी ढांचा स्थापित किया था और तत्काल अवधि में हमलों की योजना बनाई थी।

आईडीएफ, इस्राइल पुलिस की राष्ट्रीय आतंकवाद निरोधक इकाई और इस्राइल सुरक्षा एजेंसी या शिन बेट संयुक्त अभियान में उसे नाबलस शहर में शुक्रवार को ढूंढा गया और मार दिया गया। बेतावी इस्राइली नागरिकों और बलों के खिलाफ हमलों को निर्देशित करने, वित्तपोषित करने और उन्हें अंजाम देने में शामिल था और हमास के साथ संबंध बनाए रखता था। बयान में कहा गया है, बेतावी जेनिन और क्षेत्र के अन्य स्थानों पर आतंकी राशि हस्तांतरित करने के लिए जिम्मेदार था। उसने आईडीएफ सैनिकों के खिलाफ हमले करने के लिए आतंकवादियों की भर्ती और उन्हें हथियार देने का काम किया।

# आवामी लीग पर पाबंदी की मांग लेकर धरना

**बांग्लादेश में हसीना की सरकार गिराने में अहम भूमिका निभाने वाली एनसीपी के कार्यकर्ता सड़क पर उतरे**

**ढाका (वार्ता)।** बांग्लादेश की शक्तिशाली छात्र संगठन से जुड़ी नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) के सैकड़ों कार्यकर्ता और नेता ढाका के शाहबाग चौराहे पर धरना दे रहे हैं। पिछले वर्ष अगस्त में शेख हसीना सरकार को गिराने में अहम भूमिका निभाने वाला संगठन अब अवामी लीग पर प्रतिबंध लगाने की मांग कर रहा है। नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) के संयोजक हसनत अब्दुल्ला ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग पार्टी पर औपचारिक रूप से प्रतिबंध नहीं लगाए जाने तक सड़क जाम करने की घोषणा की है। इस आह्वान के बाद हजारों की संख्या में एनसीपी और स्टूडेंट अगेंस्ट डिस्क्रिमिनेशन (एसएडी) समर्थक विरोध प्रदर्शन के लिए इलाके में उमड़ पड़े।

'द डेली स्टार' की रिपोर्ट के अनुसार हसनत ने सभा को संबोधित करते हुए कहा, हमारी आवाज अंतरिम सरकार तक नहीं पहुंचती। शहीदों की चीखें उन तक नहीं पहुंचतीं, घायलों की चीखें उन तक नहीं पहुंचतीं। हम यहां से चले जाएंगे और शाहबाग की नाकेबंदी कर देंगे। हम नाकेबंदी तब तक जारी रखेंगे जब तक अवामी लीग पर प्रतिबंध लगाने की अधिसूचना जारी नहीं हो जाती। आवामी लीग पर प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर शुक्रवार दोपहर को एक रैली निकाली गई और प्रदर्शनकारी मुख्य सलाहकार के आधिकारिक आवास के पास एकत्र हुए। शाम होते-होते हसनत अब्दुल्ला के नेतृत्व में रैली शाहबाग की ओर बढ़ गई।

प्रदर्शनकारियों को आगे बढ़ने से रोकने के लिए पुलिस ने सड़क पर बैरिकेड लगा दिए। हजारों प्रदर्शनकारियों ने आवामी लीग पर प्रतिबंध लगाने की मांग करते हुए नारे लगाने शुरू कर दिए। इस नाकेबंदी का समर्थन कई इस्लामी पार्टियों के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने किया, जिसमें जमात-ए-इस्लामी के ढाका दक्षिण सचिव शफीकुल इस्लाम मसूद भी शामिल थे। अब्दुल्ला ने कहा, हम तब तक सड़कों से नहीं उठेंगे, जब तक कि फासीवादी, नरसंहारकारी आवामी लीग को आतंकवादी संगठन घोषित नहीं कर दिया जाता, उसका पंजीकरण रद्द नहीं कर दिया जाता, पार्टी पर प्रतिबंध नहीं लगा दिया जाता और उनके मुकदमे के लिए एक स्पष्ट न्यायिक रोडमैप पेश नहीं किया जाता। उधर, इस्लामी चरमपंथियों और राजनीतिक दलों की भारी मांगों के जवाब में अंतरिम सरकार ने घोषणा की कि वह आवामी लीग पर संभावित प्रतिबंध लगाने पर गंभीरता से विचार कर रही है।

# जिला परिषद सदस्य वार्ड नंबर 29 के उपचुनाव को लेकर भाजपा की बैठक हुई सम्पन्न



मरुधर विशेष

**खेरली (दिनेश लेखी)।** भाजपा की बैठक कृष्णा मैरिज गार्डन में जिला परिषद सदस्य वार्ड नंबर 29 के उपचुनाव को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में पर्यवेक्षक जिला अलवर दक्षिण से अशोक वर्मा व विष्णु कुमार शर्मा उपस्थित रहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक रमेश खींची ने की। इस बैठक में उपचुनाव में भारी मतों से भाजपा को विजय बनाने का संकल्प लिया गया। पर्यवेक्षकों को कई आवेदकों ने आवेदन प्रस्तुत किए इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष संजय गीजगढिया, विधानसभा क्षेत्र के चारों भाजपा मंडलों के अध्यक्ष शैलेंद्र चौहान, मुकेश शर्मा, विक्रम शर्मा, सियाराम पटेल, तथा भाजपा नेत्री मुन्नी देवी खोंखर, सुनील गोयल, महेश पाराशर, मुरारी नाटोज, राजेश लोहिया, संजय ताम्बी, रघुवीर चौहान, बनवारी लाल जांगिड़, लोकेंद्र प्रजापत, किशोर सिंह, रामस्वरूप यादव, दिनेश यादव, अजीत गुर्जर, महेश खींची, सतीश मीणा, श्वेता जैन, सुदेश चौधरी आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

### बूंदी ज़िले केशोरायपाटन सुनील मेघवाल संवाददाता

# सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन में 61 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

मरुधर विशेष

**केशवरायपाटन** शहर के मेगा हाईवे रडी चड़ी गणेश मंदिर के समीप श्री महावीर उत्थान सेवा समिति द्वारा समाज को संबल प्रदान करने के उद्देश्य से सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें सभी वर्गों के परिवार समान रूप से अग्नि को साक्षी मानकर 61 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे इसमें भामाशाहों का सहयोग भी रहा जिसमें बाबा रामलखन दास महाराज, बालकिशन कहालिया, गौरव मलिक,योगेंद्र जी श्रृंगी,विनोद नामा और अन्य सामाजिक,धार्मिक संगठनो के प्रतिनिधि और कार्यकर्ता दिनभर व्यवस्था में जुटे रहे ग्रामीणों में भी जमकर उत्साह बना रहा इस दौरान समिति के अध्यक्ष रामपाल सुसाई,सोनू दंडवाई,सुभाष गर्ग,ओमप्रकाश केवट,भारती लाल,जितेंद्र कुमार,मानसिंग गुर्जर,नमन शर्मा,गौरव मेघवाल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# जिला कलेक्टर के निर्देशन डीग में 25 चिकित्सा संस्थान का किया गया औचक निरीक्षण



मरुधर विशेष

**संवाददाता सलीम खान डीग।** जिला कलेक्टर डीग उत्सव कौशल के निर्देशन में शनिवार को डीग जिले में 25 चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण कर आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया गया व जरूरी व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के दिशा-निर्देश दिए गए। श्री कौशल ने जिला स्तरीय अधिकारी, उपखंड अधिकारी, तहसीलदार और विकास अधिकारीयों को निर्देशित कर यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे कि राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का सफल संचालन एवं क्रियान्वयन समुचित रूप से हो सके। स्वास्थ्य केंद्रों में किए गए निरीक्षण के दौरान पाई गई त्रुटियों की पूर्ति हेतु सम्बंधित चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे साफ-सफाई, दवाइयों की उपलब्धता, निशुल्क जांच सहित हीट वेव को लेकर तैयारियां पूरी रखे।

# पूर्व सैनिक लीग जिला कार्यकारिणी ने समाज हित में लिए गए अनेक निर्णय



मरुधर विशेष

**मुंडावर।खैरथल** तिजारा जिला मुख्यालय के नगर परिषद सभागार में कैप्टन हजारी लाल गुर्जर की अध्यक्षता और पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रिगेडियर करतार सिंह यादव के मुख्य आतिथ्य में पूर्व सैनिक लीग की प्रथम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विशिष्ट अतिथि कर्नल मोहर सिंह यादव, सीनियर प्रेसिडेंट ऑफ राजस्थान और अति विशिष्ट अतिथि अलवर जिला अध्यक्ष रोहिताश चौधरी रहे। बैठक में मुंडावर निवासी कैप्टन हजारीलाल गुर्जर को खैरथल-तिजारा के पूर्व सैनिक लीग के अध्यक्ष के रूप में सर्वसम्मति से चुना गया। इस बैठक में यह निर्णय लिया गया कि भारत और पाकिस्तान के मध्य जो युद्ध जैसा वातावरण बन रहा है, इस स्थिति में यदि राज्य के मुख्यमंत्री और देश के प्रधानमंत्री के द्वारा इस संदर्भ में हमें कोई कार्य दिया जाएगा, तो हम उस कार्य को अपनी जान की बाजी लगाकर भी संपादित करेंगे। बैठक में भुतपूर्व सैनिकों की पेंशन संबंधी समस्याओं, जिला मुख्यालय पर शहीद स्मारक, जिला सैनिक बोर्ड कार्यालय, ईसीएचएस, सीएसडी, कैंटीन, सैनिक विश्रामग्रह खुलवाने सहित विभिन्न मुद्दों पर व्यापक चर्चा की गई। इस अवसर पर हरसौली तहसील अध्यक्ष मोहन सिंह, खैरथल तहसील अध्यक्ष गिर्राज प्रसाद, कोटकासिम तहसील अध्यक्ष, कैप्टन सूबेसिंह, टपूकड़ा तहसील अध्यक्ष कैप्टन कूड़ेराम दायमा, नीमराणा तहसील अध्यक्ष शिवराम सिंह, तोताराम, किरोड़ीमल शर्मा, हनुमान सिंह, हवलदार पार्षद उदय सिंह, हवलदार करण सिंह व्याख्याता, कैप्टन जगदीश प्रसाद एवं हवलदार मदन सिंह सैनी सहित अनेक सेवानिवृत्ति सैनिक उपस्थित रहे।

# आध्यात्मिक सुख शांति का साधन है भागवत- उत्तम स्वामी





मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़:** प्रतापगढ के श्री रोकडिया हनुमान जी मंदिर में श्री भागवत ज्ञानगंगा महोत्सव में महामंडलेश्वर पंच अग्नि अखाड़ा, हरिद्वार के ध्यानयोगी महर्षि ईश्वरानंद ब्रह्मचारी उत्तम स्वामी जी महाराज ने कहा- सांसारिक तप्त जीवन और अकाल मृत्यु से तप्त आत्माओं को यह एकमात्र भागवत कथा की ज्ञानगंगा ही सबको आध्यात्मिक शांति देती है। जीवन को सुखमय और मृत्यु के बाद मुक्ति देने वाली ये कथा ही है। केवल्य ज्ञान देने वाला ये नारायण का नाम ही है। महर्षि उत्तम स्वामी जी ने गोकर्ण और धुंधुकारी के प्रसंग में ये अमृतवचन कहे। यदि आपके जीवन मे तनाव, कलह, विवाद है-परिवार में शांति नहीं है, यह अतृप्त आत्माओं के कारण है। उस जगह आप ईश्वर का नाम भजन करें। श्रीभागवत कथा का पारायण करें। वो अतृप्त आत्माएँ शांत होगी। उनकी मुक्ति होगी। आपको सुखशांति मिलेगी। भागवत कथा जीवन मे भी और जीवन के बाद भी शांति और मुक्ति देने वाली है।इसके बाद महर्षि उत्तमस्वामी जी ने कहा- "व्यास उच्छिष्टो जगत सर्वम् ......जो भी ज्ञान..है वो महर्षि वेदव्यास का ही दिया हुआ ज्ञान संसार में है। 6 शास्त्र और 18 पुराण में व्यास जी द्वारा दिया ज्ञान ही पूरे विश्व में प्रसारित है। ये सब व्यास जी द्वारा ही रचे गये है।उत्तम स्वामी महाराज ने कथा के दूसरे दिन धृतराष्ट्र के अंधे होने, 100 पुत्रों के नाश का कारण शाप बताया कि इनको पूर्व जन्म में नाग का श्राप लगा। पांडवो के साथ कौरवों द्वारा किए गए छल-कपट के प्रसंग सुनाए और इसके पीछे छिपे हुए मर्म को बताया कि छल-कपट करनेवाले का परिवार सहित नाश होता है।भीष्मपितामह को शरशैया का कारण द्रोपदी के वस्त्रहरण के समय चुप रहना।वो मौन इतना बड़ा पाप था कि शरशैया मिली। अश्वत्थामा को पाप के कारण उसे हजारों वर्ष तक जीकर पाप का फल भोगना पड़ रहा है आज भी । दशरथ के अंतिम समय में पुत्र राम का नहीं होना भी श्रवण के माता पिता जो तपस्वी थे, उनके श्राप के कारण पुत्र राम जो भगवान थे, अंतिम समय में उनके पास नहीं रह सके।जटायु हिंसक पक्षी था,किंतु नारी की रक्षा के लिए। सीता माता को बचाने के लिए रावण से युद्ध किया । नारी की रक्षा के लिए लडने के लिए मरते समय उस पक्षी जटायु को भगवान राम की गोद मृत्यु के समय मिली और अंतिम संस्कार भगवान राम के हाथ से हुआ। राजा परीक्षित को ऋषि पुत्र श्रृंगि ने श्राप दिया तब तक्षक नाग के काटने से मृत्यु हुई। जिसको जन्म से पूर्व भगवान श्रीकृष्ण ने बचाया उस की मृत्यु ऋषि पुत्र के श्राप से हुई। श्री कृष्ण ने भी उसकी मृत्यु नहीं टाली द्य किन्तु उसकी मृत्यु शुकदेवजी से श्रीभागवत कथा के श्रवण से सुधर गई द्य मुक्ति मिल गई। श्राप से कभी कोई नहीं बच सकता द्य कथा का ये ही मर्म है। यह जानकारी गुरुभक्त मंडल के चन्द्रशेखर मेहता ने दी। मुख्य यजमान कमलेश पाटीदार पौथी पूजन विक्रम सिंह चौहान आरती के यजमान प्रभूलाल पालीवाल रहे। संचालन प्रकाश व्यास ने किया। सनातन धर्म उत्सव समिति के ओमप्रकाश ओझा रोकडिया हनुमानजी मंदिर ट्रस्ट भवरलाल व्यास गुरू भक्त मंडल आदि पूरी टीम कार्यों मे लगी हुई है द्य हज़ारों की संख्या मे भक्त उपस्थित थे द्य कथा के बाद भोजन प्रसादी प्रति दिन हो रहीं है

# त्रिपुरा सुंदरी मंदिर में दिनांक 12 मई 25 को नवम पाटोत्सव एवं रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा

मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा** कुशलगढ़:श्री त्रिपुरा सुंदरी मंदिर ट्रस्ट मंडल पंचाल समाज चौदह चोखरा द्वारा नवम पाटोंत्सव कार्यक्रम बड़े धूम धाम से आयोजित किया जाएगा और साथ में चिकित्सा विभाग के सहयोग द्वारा नवम पाटोत्सव के उपलक्ष्य में पंचाल समाज भारतमाता के वीर सपूतों के लिये रक्तदान शिविर का भी आयोजन भी कर रहा है । महामंत्री नटवरलाल पंचाल लिखी बड़ी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नवम पाटोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत प्रातः 10:00 बजे माताजी की शोभायात्रा ,12:00 बजे हवन प्रारंभ ,2:00 बजे से भोजन प्रसादी और शाम 5:00 बजे पूर्णावती की जाएगी ,व्यवस्थाओं को लेकर के ट्रस्ट मंडल द्वारा गर्मी को मद्दे नजर रखते हुए दर्शनार्थियों के लिए टेंट की व्यवस्था जल व्यवस्था चिकित्सा सुविधा व्यवस्था ट्रस्ट मंडल के द्वारा संपूर्ण व्यवस्था कर ली गई है। त्रिपुरा सुंदरी ट्रस्ट मंडल व समाज के चिकित्सा प्रकोष्ठ प्रभारी राजेश पंचाल रेयाना ने बताया कि वर्तमान परिपेक्ष को ध्यान रखते हुए जो स्थिति बन रही है। वर्तमान समय में भारत-पाकिस्तान के बीच उत्पन्न स्थिति और सेना की संभावित आवश्यकता को देखते हुए सरकार द्वारा देशवासियों से रक्तदान की अपील की गई है, जिसके तहत् स्वास्थ्य विभाग एवं मंदिर श्री त्रिपुर सुंदरी ट्रस्ट मंडल एवं पंचाल समाज चोदह चौखरा के संयुक्त तत्वाधान में नवम पटोत्सव के उपलक्ष में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसका समय प्रातः 10:00 बजे से 2:00 बजे तक रहेगा, उक्त सम्पूर्ण कार्यक्रम त्रिपुरा सुंदरी ट्रस्ट मंडल के अध्यक्ष धुलजी भाई पंचाल पालोदा के नेतृत्व में होगा,उक्त कार्यक्रम में संरक्षक मंडल, चौदह चौखलो के अध्यक्ष केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य, समस्त प्रकोष्ठों के प्रभारी, समाजजन और मातृ शक्ति उपस्थित रहेंगे।उक्त जानकारी त्रिपुरासुंदरी ट्रस्ट मंडल के मीडिया प्रभारी संजय पंचाल डूंगरा छोटा द्वारा दी गई ।

### बाल संस्कार केंद्र में मनाई गई महाराणा प्रताप जयंती

# सेवा भारती समिति कोटपूतली द्वारा संचालित महाराणा प्रताप बाल संस्कार केंद्र पर बच्चों ने जाना वीरता और राष्ट्रभक्ति का संदेश





मरुधर विशेष

**कोटपूतली।(सीताराम गुप्ता)** सेवा भारती समिति कोटपूतली द्वारा संचालित महाराणा प्रताप बाल संस्कार केंद्र आदर्श नगर पर वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।जिला स्वास्थ्य आयाम प्रमुख भूपेंद्र सोनी ने इस अवसर पर बच्चों को महाराणा प्रताप के जीवन, उनके साहस, आत्मबलिदान और मातृभूमि के प्रति प्रेम की प्रेरणादायक कहानियाँ सुनाई गईं।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और राष्ट्रगान से हुई। इसके पश्चात बच्चों ने महाराणा प्रताप पर आधारित कविताएँ, नाटक और भाषण प्रस्तुत किए। वक्ताओं ने बताया कि महाराणा प्रताप न केवल एक महान योद्धा थे, बल्कि वे स्वाभिमान और स्वतंत्रता के प्रतीक भी हैं। बाल संस्कार केंद्र पर आने वाली बालिका पीहू सैनी ने महाराणा प्रताप का चित्र बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया

सेवा भारती समिति के कार्यकर्ताओं ने बच्चों को उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में देशभक्ति, संस्कार और चरित्र निर्माण की भावना को प्रबल करना था। अंत में सभी बच्चों को प्रसाद वितरित किया गया और सामूहिक जयघोष "महाराणा प्रताप अमर रहें!" के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# विद्यालय में हर्षोल्लास से मनाया गया मदर्स डे





मरुधर विशेष

**कोटपूतली।(सीताराम गुप्ता)** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम गोरधनपुरा स्थित गैलेक्सी इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मदर्स डे का आयोजन बड़े उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा माताओं के सम्मान में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनमें गीत, नृत्य, कविता पाठ और नाट्य प्रस्तुति शामिल रही।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के कार्यकारी निदेशक अमर सिंह यादव व विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल रावत द्वारा दीप प्रज्वलन और माता सरस्वती की वंदना से की गई। विद्यार्थियों ने अपनी माताओं के लिए भावनात्मक भाषण और स्वरचित कविताएं प्रस्तुत कीं, जिससे माहौल भावुक हो गया। माताओं के लिए विशेष खेलों और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें सभी माताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

कार्यकारी निदेशक ने अपने संबोधन में कहा कि "माँ का स्थान दुनिया में सबसे ऊँचा है। यह दिवस हमें उनकी ममता, त्याग और प्रेम को सम्मान देने का अवसर देता है।" वही विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल रावत ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक राष्ट्रगान और धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय का पूरा प्रांगण उल्लास और भावनाओं से भर गया।

### रात्रि के समय मकान में घुस कर नकदी व जेवरात चोरी की वारदात का खुलासा

# कोटपूतली थाना पुलिस ने नकबजनी की वारदात करने वाले अभियुक्त को किया गिरफ्तार

### चोरी किये गये जेवरात, घड़ी व नकदी बरामद



मरुधर विशेष

**कोटपूतली।(सीताराम गुप्ता)** स्थानीय थाना पुलिस ने विगत 6 व 7 मई की मध्य रात्रि को कस्बे के डाबला रोड़ स्थित भागीरथ एनक्लेव में एक मकान में हुई चोरी की वारदात का खुलासा करते हुये अभियुक्त को गिरफ्तार कर माल बरामद किया है। एसएचओ राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुये बताया कि इस सम्बंध में परिवादी ने दर्ज कराया था कि 6 मई की रात्रि को परिवार सहित खाना खाकर सो गये थे। सुबह उठ कर देखे तो एक कमरे का दरवाजा खुला हुआ था तथा सामान भी बिखरा हुआ था। जिसमें सोने का मंगल सूत्र, एक घड़ी, पर्स में रखी 20-20 रूपयों की नोटों की गड्डी सहित अन्य नकदी गायब थी। इस सम्बंध में पुलिस ने मामला दर्ज करते हुये जांच शुरू की, साथ ही आसपास के सीसीटीवी फुटेज जांच करते हुये 24 घण्टे के भीतर वारदात के अभियुक्त नासिर (20) पुत्र मुस्तफा अली पठान निवासी सुल्तानपुर पट्टी, थाना बाजपुर जिला उधमसिंह नगर उत्तराखण्ड हाल निवासी रजा मस्जिद के पास, थाना स्वार जिला रामपुर (उत्तरप्रदेश) को गिरफ्तार करते हुये वारदात में चोरी किया गया माल बरामद कर लिया। प्रकरण में पुलिस द्वारा गिरफ्तार किये गये अभियुक्त से गहनता से पुछताछ की जा रही है।

# मातृ दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन




मरुधर विशेष

**कोटपूतली(सीताराम गुप्ता)** राजमार्ग स्थित द राजस्थान स्कूल में शनिवार को मातृ दिवस समारोह बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया गया। इस मौके पर माँ के प्रति सम्मान प्रकट करते हुये विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्राथमिक वर्ग के छात्र-छात्राओं ने एकांकी, अनेक हृदयस्पर्शी नृत्य व गीतों के माध्यम से माँ की ममता का गुणगान किया। अतिथि के तौर पर विद्यार्थियों की माताओं को सादर आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम में माताओं के लिये नृत्य, गीत व कविता संहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें सभी ने अपने बच्चों के साथ उत्साह से भाग लिया। प्रधानाचार्या शालिनी चौधरी ने कहा कि ममता, स्नेह व त्याग की मूर्ति माँ को समर्पित यह दिवस मनाते हुये हम सभी गौरव का अनुभव कर रहे हैं। चौधरी ने कहा कि माँ इस धरा पर ईश्वर का प्रतिरूप है। माँ के त्याग का मूल्य हम कभी नहीं चुका सकते। माँ के आंचल में बच्चा अपने आप को सबसे सुरक्षित महसूस करता है। इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों की भावनायें प्रगाढ़ होती है और उसे अपनी परम्पराओं को जानने का अवसर मिलता है। बर्सर विकास चौधरी एवं उप प्रधानाचार्य रमेश सकलानी ने कहा कि माँ शब्द की मिठास अतुलनीय है। माँ में धरती सा धैर्य होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को कहा कि हमें मन, कर्म और वचन से माता-पिता की सेवा करनी चाहिये। माँ के आशीर्वाद में ईश्वर की शक्ति समाहित होती है। माताओं ने विद्यालय के इस आयोजन की सराहना करते हुये कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों में संस्कारों का विकास होता है। हमें यहां आयोजित गतिविधियों में भाग लेकर बहुत अच्छा लगा। हमें गर्व है कि हमारे बच्चों को एक अच्छे माहौल में अध्ययन करने का अवसर मिल रहा है। कार्यक्रम के दौरान आमंत्रित माताओं के लिये आयोजित विभिन्न मनोरंजक प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को विद्यालय प्रशासन की ओर से प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

# क्या एआई भविष्य को परिभाषित करेगा रैफल्स विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर छात्रों को किया प्रेरित






मरुधर विशेष

**नीमराना(सुनील मेघवाल)** रैफल्स विश्वविद्यालय नीमराना के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी द्वारा राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर शनिवार को एक विचारोत्तेजक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का विषय था: "एआई:मानवता का सबसे बड़ा बदलाव और विभिन्न क्षेत्रों की चुनौतियों को हल करने में इसकी भूमिका", जो वी.के.जी. ऑडिटोरियम में संपन्न हुई। इस कार्यक्रम की मुख्य विशेषता थी किन्नर सच्चदेव, को-फाउंडर एवं सीईओ, नॉरिश का मुख्य वक्तव्य, जो एक वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त नवोन्मेषक और उद्यमी हैं। सच्चदेव ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि किस प्रकार कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) शिक्षा, व्यवसाय, स्वास्थ्य सेवाओं और शासन जैसे क्षेत्रों को बदल रही है। उन्होंने अपनी एआई-सक्षम कंपनी चद्धश्हद्धह्यद्ध के माध्यम से 50 से अधिक देशों के 10 लाख से अधिक उपयोगकर्ताओं को सशक्त बनाने की यात्रा पर प्रकाश डाला और युवाओं से नवाचार और डिजिटल परिवर्तन को अपनाने का आह्वान किया।

संगोष्ठी की शुरुआत कुलपति प्रो. (डॉ.) राजेंद्र सिंह सांगवान, आईक्यूएसी निदेशक डॉ. जी.एम. पाटिल, प्रबंध निदेशक युक्ति कालरा, तथा विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के डीन, विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य एवं छात्रों की गरिमामयी उपस्थिति में स्वागत भाषण से हुई। कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन भी शामिल था, जो ज्ञान और नवाचार के प्रकाश का प्रतीक है। इसके पश्चात सच्चदेव को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर रैफल्स परिवार की ओर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को भारत की हालिया तकनीकी उपलब्धियों जैसे चंद्रयान-3 मिशन, आदित्य-एल1 सौर वेधशाला, स्पैडेक्स उपग्रह डॉकिंग, यूपीआई का वैश्विक विस्तार, तथा डिजिटल इंडिया, आत्मनिर्भर भारत, सेमीकंडक्टर मिशन, और एआई टूल्स जैसे प्रयासों की याद दिलाई गई, जो भारत को एक वैश्विक तकनीकी शक्ति में बदल रहे हैं।

इस कार्यक्रम का समापन डॉ. जसप्रीत हीरा द्वारा प्रस्तुत आभार प्रदर्शन और सामूहिक फोटोग्राफ के साथ हुआ।

यह संगोष्ठी केवल तकनीकी उत्सव नहीं थी, बल्कि यह अगली पीढ़ी के नवप्रवर्तकों और समस्याओं के समाधानकर्ताओं को प्रेरित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था।

## संक्षिप्त खबरें

### जोकोविच ने ली जिनेवा ओपन में वाइल्डकार्ड एंट्री

**जिनेवा।** फ्रेंच ओपन से पहले फॉर्म और फिटनेस हासिल करने के प्रयास के तहत जोकोविच ने जिनेवा ओपन में खेलने के लिए वाइल्डकार्ड एंट्री ली है। पेरिस में अपना 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की कोशिश कर रहे जोकोविच ने इटैलियन ओपन से नाम वापस ले लिया है। 37 वर्षीय सार्बियाई खिलाड़ी पिछले महीने मोंटे कार्लो और मैड्रिड में क्ले-कोर्ट इवेंट में शुरुआती दौर में बाहर होने के बाद अपने पिछले तीन मैच हार चुके हैं। छह बार के चैंपियन जोकोविच ने रोम में एटीपी मास्टर्स टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लेने का कोई कारण नहीं बताया है। जोकोविच के लिए यह सीजन उतार-चढ़ाव भरा रहा है।

### रोमानिया में प्रज्ञानानंदा ने अब्दुसत्तोरोव को हराया

**बुखारेस्ट।** भारत के आर प्रज्ञानानंद ने उज्बेकिस्तान के नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव पर महत्वपूर्ण जीत दर्ज करने के साथ ग्रैंड शतरंज टूर के सुपरबेट शतरंज क्लासिक 2025 में संयुक्त बढ़त हासिल कर ली है। 19 वर्षीय ग्रैंडमास्टर ने पूर्व विश्व रैपिड चैंपियन अब्दुसत्तोरोव के गलत निर्णय का फायदा उठाया, जिन्होंने अपना डार्क-स्क्वायर बिशप बहुत जल्दी छोड़ दिया था। अन्य मैच में, भारतीय प्रतिभा डी गुकेश को रोमानिया के बोगदान-डैनियल डेक ने ड्रॉ पर रोक दिया। दोनों खिलाड़ियों ने मामूली अवसरों को गंवा दिया और तनावपूर्ण संघर्ष के बाद साझा अंक पर समझौता किया।

### अदिति अशोक कट में जगह बनाने में विफल रहीं

**जर्सी सिटी।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक दूसरे राउंड में इवन पार स्कोर करने के बावजूद मिजुहो अमेरिका ओपन के कट में जगह बनाने में विफल रहीं। अदिति ने शुरुआती दौर में 77 का निराशाजनक कार्ड खेला था जिससे उनका कुल स्कार पांच ओवर 149 का रहा। अदिति आठवें व 10वें होल में बर्डी लगाने में सफल रही लेकिन 13वें और 18वें होल में बोगी कर नीचे चली गयी।

### पीडीसीए लीग में आशीष ने जमाया दोहरा शतक



**पटना।** पटना जिला सीनियर डिवीजन क्रिकेट लीग में ईआरसीसी के आशीष कुमार (200 रन, 110 गेंद, 13 चौके, 16 छक्के) ने नाबाद दोहरा शतक जमाया जबकि रोहित राज (144 रन) और आदित्य (नाबाद 101 रन) ने शतकीय पारी खेली। इसके अलावा प्रियाशु कुमार ने 6 विकेट चटकाये। इन सभी की बदौलत 22 यार्ड क्रिकेट एकेडमी ग्राउंड पर खेले गये मैच में ईआरसीसी ने बीपीएचसीएल को 285 रन के भारी अंतर से पराजित किया। आशीष कुमार को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। **संक्षिप्त स्कोर :** ईआरसीसी : 35 ओवर में 1/457 (रोहित राज 144, आशीष कुमार नाबाद 200, आदित्य कुमार नाबाद 101, अतिरिक्त 12, राहुल कुमार 1/78), बीपीएचसीएल : 25.4 ओवर में 172 (सिद्धांत विजय 21,अभिलाष कुमार 30, यशस्वी शुक्ला 33, अनमोल आनंद 17, मुकेश शर्मा 28, राहुल कुमार 26, अभिनव सिंह 2/40, प्रियांशु कुमार 6/50, बंटी कुमार 1/34, आशीष कुमार 1/17)।

### यूएई की सभी 10 महिला बल्लेबाज रिटायर आउट, पहली बार ऐसा हुआ

**बैंकॉक।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की 10 बल्लेबाज शनिवार को यहां कतर के खिलाफ महिला टी20 विश्व कप एशिया क्वालीफायर मैच में 16 ओवर में बिना किसी नुकसान के 192 रन बनाने के दौरान रिटायर आउट हुई जो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पहली बार हुआ है। बल्लेबाजी करने उतरी यूएई की कप्तान ईशा ओजा और तीर्था सतीश ने पहले विकेट के लिए 16 ओवर में 192 रन जोड़े। ईशा ने 55 गेंद में 14 चौके और पांच छक्के की मदद से 113 रन बनाए जबकि तीर्था ने 42 गेंदों में 74 रन बनाए। लेकिन फिर यूएई ने पारी समाप्त करने का फैसला किया। चूंकि सीमित ओवरों के क्रिकेट में पारी घोषित करने की अनुमति नहीं है इसलिए ईशा और तीर्था तथा आठ अन्य बल्लेबाज रिटायर्ड आउट हो गईं। फिर यूएई ने कतर को 11.1 ओवर में सिर्फ 29 रन पर आउट कर दिया।

# मधुरा के शानदार प्रदर्शन से भारत ने कम्पाउंड वर्ग में पांच पदक जीते

**तीरंदाजी विश्व कप**

- तीन साल बाद मधुरा ने की भारतीय टीम में वापसी
- व्यक्तिगत और टीम स्पर्धा में जीता पदक

**शंघाई (भाषा)।** मधुरा धामनगांवकर ने राष्ट्रीय टीम में तीन साल के बाद शानदार वापसी करते हुए शनिवार को तीरंदाजी विश्व कप चरण दो के कम्पाउंड वर्ग की व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण के साथ टीम स्पर्धा में रजत और कांस्य पदक जीतकर भारत को बड़ी कामयाबी दिलायी। भारत ने शनिवार कम्पाउंड वर्ग में दो स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक जीते।

मधुरा को तीन साल से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा नहीं करने के कारण विश्व तीरंदाजी रैंकिंग में जगह नहीं मिली है। इस 24 साल की खिलाड़ी ने अमेरिका की कार्सन क्रेहे पर 139-138 की शानदार जीत के साथ अपना पहला व्यक्तिगत विश्व कप स्वर्ण पदक जीता।

महाराष्ट्र की अमरावती की इस खिलाड़ी ने इससे पहले महिला टीम स्पर्धा में रजत और अभिषेक वर्मा के साथ मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। मधुरा के लिए लिए हालांकि व्यक्तिगत स्वर्ण सबसे खास रहा क्योंकि उन्होंने उतार-चढाव से भरे खिताबी मुकाबले में धैर्य बनाये रखा। वह तीसरे गेम में सात अंक के निशाने के बाद 81-85 से पीछे चल रही थीं। इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने हालांकि दबाव में शानदार संयम दिखाया और चौथे गेम में सिर्फ एक अंक गवां कर स्कोर 110-110 पर बराबर कर लिया।

मधुरा ने निर्णायक गेम में दो 10 के निशाने लगाये और ये दोनों केंद्र के बिलकुल करीब थे। उन्होंने तीसरे प्रयास में नौ के निशाने के साथ क्रेहे को पछाड़ दिया।

मधुरा क्वालीफायर्स में तीसरे स्थान के साथ भारतीयों में शीर्ष पर थी। उन्होंने अपने अभियान के दौरान तुर्की की विश्व की 13वें नंबर की खिलाड़ी हेजल बुरुन को शिकस्त दी। मधुरा ने दो बार की विश्व कप टीम पदक विजेता को 143-141 से मात दी थी। मधुरा ने इससे पहले मेडेलिन में 2022 तीरंदाजी विश्व कप चरण चार में भारत का प्रतिनिधित्व किया था।

इससे पहले कम्पाउंड पुरुष टीम ने स्वर्ण, महिला टीम ने रजत और मिश्रित टीम ने कांस्य पदक हासिल किये। अभिषेक वर्मा, ओजस देवताले और ऋषभ यादव की पुरुष टीम ने फाइनल में मैक्सिको को 232-228 से हराया। भारतीय तिकड़ी ने धैर्य के साथ दबाव वाली परिस्थितियों में अचूक निशाना साध कर शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत ने पहले गेम में 59 अंक के साथ दो अंकों की बढत हासिल की। मैक्सिको ने हालांकि दूसरे गेम में 58 अंक बनाकर वापसी की। इस गेम में भारतीय तीरंदाज 56 अंक ही जुटा सके जिससे स्कोर 115-115 से बराबर हो गया। भारतीय तिकड़ी ने तीसरे गेम में एक बार फिर से एक अंक की बढत कायम कर ली। भारत के 58 अंक के मुकबाले मैक्सिको के तीनों तीरंदाज 57 अंक ही बना सकें। भारतीय तिकड़ी ने अंतिम गेम में अपना धैर्य बनाए रखा और 60 में से 59 अंक हासिल किये। मैक्सिको दबाव में केवल 56 अंक ही जुटा सका। ऋषभ ने पुरुषों की व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक के रोमांचक मुकाबले में दक्षिण कोरिया के किम जोंगहो को हराया। भारतीय खिलाड़ी का शूटआउट में 10 अंक वाला निशाना केंद्र के करीब था। इस 22 साल के भारतीय खिलाड़ी का यह विश्व कप में पहला व्यक्तिगत पदक है। वह इससे पहले सेमीफाइनल में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी और कई बार के विश्व चैंपियन नीदरलैंड के माइक श्लोएसर से 144-147 से हार गए थे।

ज्योति सुरेखा वेन्नम, मधुरा और चिकिथा तानिपार्थी की टीम महिलाओं के कम्पाउंड फाइनल में मैक्सिको की मजबूत चुनौती से पार पाने में नाकाम रही और मुकाबला 221-234 से गंवा बैठी। फाइनल मुकाबले में भारतीय तीरंदाज मैक्सिको को कड़ी टक्कर देने में नाकाम रहे लेकिन इस तिकड़ी ने पूरे टूर्नामेंट में अपनी प्रतिभा से प्रभावित कर पोडियम पर स्थान सुनिश्चित किया। वर्मा और मधुरा की भारतीय मिश्रित टीम ने तीसरे स्थान के प्लेऑफ में मलेशिया को हराकर कांस्य पदक जीतने के साथ पदक तालिका में भारत की स्थिति मजबूत की।

ये परिणाम विश्व मंच पर कम्पाउंड तीरंदाजी में भारत की बढती मजबूती को दर्शाते है।

# खिताबी मुकाबले में भारत और श्रीलंका के बीच टक्कर

**महिला क्रिकेट**

- त्रिकोणीय सीरीज का आज फाइनल मैच सुबह 10 बजे से

**कोलंबो (भाषा)।** भारतीय महिला टीम रविवार को यहां होने वाले त्रिकोणीय एकदिवसीय श्रृंखला के फाइनल में श्रीलंका के खिलाफ हर विभाग में दमदार प्रदर्शन कर चैंपियन बनने की कोशिश करेगी।

इस श्रृंखला में भारत को एकमात्र हार श्रीलंका के खिलाफ मिली है। हरमनप्रीत कौर की अगुआई में हालांकि टीम ने सबसे प्रभावशाली प्रदर्शन किया और लीग चरण में चार मैचों में तीन जीत के साथ अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर रही।

श्रीलंका दो जीत के साथ दूसरे स्थान पर रहा जबकि दक्षिण अफ्रीका ने अपना अभियान चार मैचों में एक सफलता के साथ तीसरे और आखिरी पायदान पर खत्म किया। इस मुकाबले को जीतना भारत और श्रीलंका दोनों के लिए बहुत महत्वपूर्ण होगा, क्योंकि इससे इस साल के अंत में होने वाले वनडे विश्व कप की तैयारियों में मदद मिलेगी।

टूर्नामेंट में भारतीय बल्लेबाजों का प्रदर्शन सराहनीय रहा है जिसमें जेमिमा रोड्रिग्स ने सबसे ज्यादा प्रभावित किया है। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक शतक (123) सहित 67 की औसत से अब तक 201 रन बनाये हैं। प्रतिका रावल (164), स्मृति मंधाना (148) और दीप्ति शर्मा (126) ने भी बल्ले से प्रभावी योगदान दिये हैं।

दीप्ति की दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 93 रन की पारी ने भारत को बड़े स्कोर तक पहुंचने में मदद की और यह भी जता दिया कि जरूरत पड़ने पर टीम का निचला क्रम भी बल्ले से प्रभावी योगदान दे सकता है। कप्तान हरमनप्रीत कौर फाइनल में बड़ा स्कोर खड़ा कर श्रृंखला में बल्ले से अबतक की निराशा को पीछे छोड़ना चाहेगी। हरमनप्रीत ने अब तक नाबाद 41, 30 और 28 रन की उपयोगी पारियां खेली है लेकिन अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में नाकाम रही है। स्नेह राणा भारत की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज साबित हुई है। दायें हाथ की इस स्पिनर ने अब तक 11 विकेट चटकाये है जिसमें से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पारी में पांच विकेट लेना भी शामिल है।

श्रीलंका की टीम एक बार फिर से हर्षिता समरविक्रमा से बड़ी पारी की उम्मीद होगी। उन्होंने लीग चरण में 53 रन की पारी खेल भारत के खिलाफ टीम को जीत दिलाई थी। इस 26 साल की वामहस्त बल्लेबाज ने अब तक दो अर्धशतक की मदद से 177 रन बनाये है।

# भारत से रवाना हुए विदेशी खिलाड़ी

- आईपीएल और पीएसएल स्थगन के बाद वापसी का निर्णय

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव के कारण आईपीएल एक हफ्ते के लिये स्थगित होने के बाद टीमों के अधिकांश विदेशी खिलाड़ी शनिवार को अपने अपने देश लौट गए। जम्मू और पठानकोट में हवाई हमले की चेतावनी के बाद धर्मशाला में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच बृहस्तपतिवार का मैच बीच में ही रद्द होने के एक दिन बाद आईपीएल भी स्थगित कर दिया गया था।

टूर्नामेंट स्थगित होने के बाद से खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ अपने अपने शहर लौटने लगे जबकि कई विदेशी खिलाड़ी भी लौट रहे हैं। आरसीबी के विदेशी खिलाड़ियों में टिम डेविड, लियाम लिविंगस्टोन, जैकब बेथेल, रोमारियो शेफर्ड, फिल साल्ट , जोश हेजलवुड, लुंगी एंगिडि और नुवान तुषारा हैं।

विदेशी सहयोगी स्टाफ में मुख्य कोच एंडी फ्लावर, गेंदबाजी कोच एडम गिफिथ, क्रिकेट परिचालन निदेशक मो बोबाट, टीम फिजियो इवान स्पीचली और विशेषज्ञ फ्रेडी विल्डे शामिल हैं। आरसीबी ने बयान में कहा, 'हम बीसीसीआई, स्थानीय अधिकारियों और पुलिस के सहयोग के लिए शुक्रगुजार हैं।'

लखनऊ सुपर जाइंट्स के एक अधिकारी ने भी बताया कि उसके कुछ विदेशी खिलाड़ी शनिवार को चले गए हैं जबकि कुछ अभी भारत में ही रुकेंगे। मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाड़ी अपने अपने गंतव्य को चले गए हैं। सूत्र के अनुसार केकेआर के खिलाड़ी हैदराबाद से चले गए हैं जहां उन्हें शनिवार को सनराइजर्स हैदराबाद से खेलना था। धर्मशाला में आईपीएल मैच रद्द होने के बाद पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाड़ी शुक्रवार को दिल्ली पहुंचे। उन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच अलग-अलग बैच में होशियारपुर से जालंधर रेलवे स्टेशन लाया गया था। इसके बाद विशेष वंदे भारत एक्सप्रेस से उन्हें दिल्ली लाया गया। पंजाब किंग्स के एक सूत्र ने बताया कि उसके अधिकांश विदेशी खिलाड़ी रवाना हो गए हैं। इस बीच बीसीसीआई सचिव देवाजीत सैकिया ने कहा कि हालात की व्यापक समीक्षा के बाद टूर्नामेंट का संशोधित कार्यक्रम और वेन्यू की जानकारी दी जायेगी। नियमित सत्र में लगभग 12 मैच बचे हैं, साथ ही चार मैचों की फाइनल सीरीज भी है। खिलाड़ियों के भुगतान के बारे में भी सवाल उठेंगे, क्योंकि सभी टीमों के पास खेलने के लिए दो मैच बचे हैं।

# आईपीएल फिर से शुरू करने के विकल्प पर आज बात करेगा बीसीसीआई : राजीव शुक्ला

- नये हालात में मैच शुरू करने पर होगा फैसला

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत और पाकिस्तान के बीच त्वरित संघर्ष विराम की घोषणा के बाद बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने शनिवार को कहा कि बोर्ड के अधिकारी और आईपीएल संचालन परिषद रविवार को इस निलंबित टी20 लीग के बाकी मैच कराने के लिए सर्वश्रेष्ठ संभावित कार्यक्रम पर बात करेंगे।

पहलगाम आतंकवादी हमले की जवाबी कार्रवाई में भारतीय सेना के आपरेशन सिंदूर के बाद भारत पाकिस्तान सीमा पर तनाव के युद्ध में बदलने के आसार को देखते हुए आईपीएल शुक्रवार को एक सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया गया था।

शुक्ला ने कहा, 'युद्ध थम गया है। नये हालात में बीसीसीआई पदाधिकारी, अधिकारी और आईपीएल संचालन परिषद फैसला लेंगे। देखते हैं कि टूर्नामेंट पूरा कराने के लिए सर्वश्रेष्ठ कार्यक्रम क्या हो सकता है।' ऐसी अटकलें थीं कि लीग चेन्नई, बेंगलुरु या हैदराबाद जैसे दक्षिण भारत के किसी शहर में पूरा कराया जा सकता है लेकिन शुक्ला ने कहा कि सैन्य टकराव जारी रहने पर ऐसा हो सकता था ।

उन्होंने कहा, 'अगर युद्ध चल रहा होता तो वह विकल्प था। कई विकल्पों पर बात की गई है । संघर्ष विराम की घोषणा अभी हुई है । हमें थोड़ा समय दीजिये। उसके बाद ही फैसला लिया जायेगा।'

अभी टूर्नामेंट के 12 लीग मैच और चार प्लेऑफ मैच बाकी हैं। विभिन्न टीमों के अधिकांश विदेशी खिलाड़ी लौट चुके हैं।

बीसीसीआई के एक सूत्र ने उम्मीद जताई कि धर्मशाला को छोड़कर बाकी सभी जगहों पर जहां आईपीएल के बाकी मैच होने थे, प्रसारक और प्रोडक्शन टीमों को रूकने के लिये कहा गया है। सूत्र ने कहा, 'प्रसारकों ने शुरुआत में बेंगलुरु, हैदराबाद और चेन्नई में अपनी प्रोडक्शन ईकाई को रुकने के लिए कहा । अब संघर्ष विराम की घोषणा के बाद सभी मूल आयोजन स्थलों पर भी ऐसे ही निर्देश दे दिये गए हैं । उम्मीद है कि धर्मशाला को छोड़कर बाकी मैच वहीं होंगे, जहां होने थे।'

# ताइपे ओपन के सेमीफाइनल में आयुष व उन्नति पराजित

**ताइपे (भाषा)।** उभरते हुए बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी और उन्नति हुड्डा की शनिवार को यहां क्रमशः पुरुष और महिला एकल के सेमीफाइनल में हार के साथ बीडब्ल्यूएफ ताइपे ओपन सुपर 300 में भारत का अभियान समाप्त हो गया।

दोनों भारतीय खिलाड़ियों ने इस 2.40 लाख डॉलर इनामी टूर्नामेंट में अंतिम चार तक के अपने सफर में प्रभावशाली प्रदर्शन कर प्रभावित किया।

विश्व जूनियर चैंपियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता 20 साल के आयुष ने विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर काबिज स्थानीय खिलाड़ी चोऊ टीएन चेन को कड़ी टक्कर दी। लगभग दो दशक से अंतरराष्ट्रीय सर्किट में खेल रहे चीनी ताइपे खिलाड़ी ने अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए आयुष को 21-18, 21-17 से मात दी।

इससे पहले ओडिशा मास्टर्स 2022 और अबू धाबी मास्टर्स 2023 की चैंपियन 17 साल की उन्नति को विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर काबिज 2022 की विश्व जूनियर चैम्पियन जापान की तोमोका मियाजाकि ने 21-19, 21-11 से हराया।

आयुष ने अपने सेमीफाइनल तक के अभियान में ऑल इंग्लैंड के उपविजेता ली चिया हाओं और पूर्व विश्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत तथा कनाडा के ब्रायन यांग को हराकर उलटफेर किया था।

आयुष ने सेमीफाइनल में चोऊ के खिलाफ आक्रामक शुरुआत करते हुए 8-4 की बढत बना ली लेकिन इसके बाद कुछ गलतियां कर उन्होंने स्थानीय खिलाड़ी को वापसी का मौका दे दिया। ब्रेक के समय भारतीय खिलाड़ी के पास 11-9 की बढत थी लेकिन चोऊ ने इसके बाद वापसी करते हुए स्कोर 11-11 किया। दोनों खिलाड़ियों ने एक दूसरे को ज्यादा बढत कायम करने का मौका नहीं दिया।

# भारोत्तोलन में हर्षवर्धन के दो राष्ट्रीय रिकॉर्ड



**राजगीर (एसएनबी)।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स की भारोत्तोलन प्रतियोगिता में शनिवार को ओडिशा ने दो स्वर्ण पदक जीतकर अपने दबदबे का इजहार किया। पहले दिन दांव पर लगे पांच स्वर्ण पदकों में से महाराष्ट्र, मणिपुर ने एक-एक गोल्ड अपने नाम किया। राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स के इंडोर हॉल चार में आयोजित पांच दिवसीय प्रतियोगिता में मेजबान बिहार को एक भी पदक हाथ नहीं लगा।

बालिकाओं की 40 किग्रा स्पर्धा में ओडिशा की ज्योशना साबर ने 122 किलो (स्नैच 55, क्लीन एंड जर्क 67) के साथ स्वर्ण पदक जीता। रजत पदक पांडीचेरी की धर्शिनी प्रिया (50 व 66, कुल 116 किग्रा) से और कांस्य पदक तमिलनाडु की ईशवरिया के (50 व 65, कुल 115) ने जीता। इसमें बिहार की नंदनी कुमारी को आठवां स्थान मिला। नंदनी ने स्नैच में 38, क्लीन एंड जर्क में 50 और कुल 88 किग्रा वजन उठाया।

बालक 45 किग्रा स्पर्धा में ओडिशा के हर्षबर्धन साहू ने 203 किलो के साथ स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने स्नैच में 88 किलो वजन उठाया। इस स्पर्धा में दो राष्ट्रीय यूथ रिकॉर्ड भी बनाये। उन्होंने क्लीन एंड जर्क में 101 किलोग्राम तथा कुल 203 किलोग्राम भार उठाकर यह रिकॉर्ड बनाए। इससे पहले का रिकॉर्ड झारखंड के बाबूलाल हेंब्रम के नाम था जिन्होंने पिछले वर्ष फिजी के सुवा में आयोजित वर्ल्ड यूथ चैंपियनशिप में (स्नैच 88 किग्रा, क्लीन एंड जर्क 114 किग्रा) यह रिकॉर्ड बनाया था। साहू ने रजत पदक झारखंड के निकलेश लकड़ा (83 व 101, कुल 184) ने और कांस्य पदक उत्तराखंड के अर्शलान (83 व 100, कुल 183) ने जीता। बिहार के अभय कुमार बढ़िया प्रदर्शन के बावजद छठे स्थान पर पिछड़ गये। उन्होंने (स्नैच 76, क्लीन एंड जर्क 96) कुल 182 किलो वजन उठाया।

महाराष्ट्र की आकांक्षा किशोर ने 148 किलो उठाकर बालिका 45 किलोग्राम स्पर्धा का स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। आकांक्षा ने स्नैच में 68 और क्लीन एंड जर्क में 80 किलो वजन उठाया था। पंजाब की लवजोज कौर ने (55 व 73) कुल 128 किलो के साथ रजत पदक और महाराष्ट्र की वेदिका दत्तात्रेय (57 व 70, कुल 127) ने कांस्य पदक अपने नाम किया। बिहार की रिंकी देवी सातवें स्थान पर रही। रिंकी ने स्नैच में 49, क्लीन एंड जर्क में 59 और कुल 108 किलो वजन उठाया।

**पदक जीतकर खुश हूं : हर्षवर्धन**

**राजगीर (एसएनबी)।** हर्षवर्धन ने कहा, 'मैं बहुत खुश हूं कि मैंने यहां अपना सर्वश्रेष्ठ दिया और रिकॉर्ड बनाया। पेरू में वर्ल्ड यूथ चैंपियनशिप से लौटने के बाद ज्यादा ट्रेनिंग का समय नहीं मिला, लेकिन मेरा पूरा फोकस इस प्रतियोगिता पर था। मुझे भारत सरकार और साई से अच्छा समर्थन मिला।'

बालक 55 किलो स्पधार्अ में मणिपुर के बन्नी सिंह ने 213 किलो से स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने स्नैच में 96, क्लीन एंड जर्क में 117 किलो वजन उठाया। रजत पदक पर आन्ध्र प्रदेश के अप्पानेनी प्रदवी ने कब्जा किया। उन्होंने 93, 114 और कुल 207 किलो वजन उठाया। कांस्य पदक असम के देवांगरिया ने जीता। उन्होंने 89, 118 और 207 किलो उठाया। बिहार के आदित्य कुमार को स्नैच में 81, क्लीन एंड जर्क में 96 और कुल 177 किलो से सातवां स्थान मिला।

# काव्या को दोहरा खिताब, प्रियानुज ने अभिनंद से छीना गोल्ड



**राजगीर (एसएनबी)।** सात साल की आयु में टेबल टेनिस शुरू करने वाली महाराष्ट्र की काव्या भट्ट ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 13 और राष्ट्रीय स्तर पर 15 पदक जीतने के बाद खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में डेब्यू करते हुए दोहरा खिताब जीता। काव्या की यह सफलता इस लिहाज से अहम है कि उन्होंने इन खेलों में बंगाल के वर्चस्व को चुनौती दी और उसमें सफलता भी हासिल की। दूसरी ओर असम के प्रियानुज भट्टाचार्य ने उलटफेर करते हुए तमिलनाडु के पीबी अभिनंद को न केवल बालक एकल में हराकर पिछले खेलों में मिली हार का बदला ले लिया बल्कि उन्हें दोहरा खिताब जीतने से भी रोक दिया।

राजगीर इंडोर काम्प्लेक्स में आयोजित पांच दिवसीय प्रतियोगिता के अंतिम दिन शनिवार को बालिका एकल के फाइनल में काव्या ने तमिलनाडु की हंसिनी माथन राजन को 4-1 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इससे पहले काव्या ने दिव्यांशी भौमिक के साथ युगल खिताब जीता था। इस जोड़ी ने बंगाल की अविशा कर्माकर और शुभांता दत्ता की मजबूत जोड़ी को 4-0 से हराया था।

बालिका एकल का कांस्य पदक महाराष्ट्र की दिव्यांशु भौमिक ने अपने ही प्रदेश की सुक्रती शर्मा को 3-0 से हराकर अपने नाम किया।

बालक एकल के फाइनल में असम के प्रियांजु भट्टाचार्य ने तमिलनाडु के पीबी अभिनंद को 4-1 से हराकर खिताब जीत लिया। इस स्पर्धा का कांस्य पदक तमिलनाडु के राजशेखरन मुथु ने महाराष्ट्र के कुशाल चोपड़ा को 3-0 से हराकर जीत लिया। प्रियांजु ने एकल खिताब जीतकर अभिनंद को दोहरा खिताब जीतने से रोक दिया, जिन्होंने एक दिन पहले राजशेकरन मुथु के साथ मिलकर असम के प्रियांजु और राजखोवा राय की जोड़ी को हराकर बालक युगल खिताब जीता था।

## अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काव्या जीत चुकी हैं 13 खिताब

**राजगीर (एसएनबी)।**महाराष्ट्र के अकोला में जन्मी 15 साल काव्या ने सात वर्ष की उम्र से ही टेबल टेनिस का प्रशिक्षण लेना शुरू कर दिया था। उनके माता पिता हमेश उनके साथ खड़े रहे और हमेशा अच्छा खेलने के लिए प्रेरित करते रहे। पिता का व्यवसाय है, जिसमें मां भी हाथ बंटाया करती थी लेकिन जब से काव्या ने खेलों में रफ्तार पकड़ी है, तब से मां ने सबकुछ छोड़कर अपनी बेटी को समय देना शुरू कर दिया है।


पिछले कुछ वर्षों में कव्या ने राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई पदक जीता है। उन्होंने 13 अंतरराष्ट्रीय पदक और 15 राष्ट्रीय पदक जीते हैं। काव्या के नाम चेक गणराज्य में आयोजित अंतरराष्ट्रीय डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर में अंडर-17 लड़कियों के एकल में रजत पदक (मार्च 2025) के अलावा उन्होंने सऊदी अरब में आयोजित अंतरराष्ट्रीय डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर में अंडर-15 आयोजन में लड़कियों के एकल और अंडर-15 मिश्रित युगल में स्वर्ण पदक (सितम्बर 2024) जीता है।

इसके अलावा काव्या ने जॉर्डन में आयोजित अंतरराष्ट्रीय डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर में अंडर-19 मिश्रित युगल में स्वर्ण पदक और अंडर-17 लड़कियों के एकल में कांस्य पदक जीता। इसके अलावा श्रीलंका में आयोजित दक्षिण एशियाई युवा चैंपियनशिप में टीम इंडिया के लिए टीम और लड़कियों के युगल में स्वर्ण पदक हासिल किया। काव्या कहती हैं, 'मैं रमन टेबल टेनिस हाई परफॉर्मेंस सेंटर में पिछले दो वर्ष से प्रशिक्षण ले रही हूं। यहां मेरी तकनीक और खेल में काफी सुधार हुआ है। खेलो इंडिया एथलीट होने के कारण मुझे स्कॉलरशिप मिलती है और यह मेरे बहुत काम आती है।'

# अनाहत ने विश्व की 28वें नंबर की खिलाड़ी को घुटनों पर बैठाया

**शिकागो (वार्ता)।** भारत की युवा स्क्वैश सनसनी अनाहत सिंह ने वर्ल्ड स्क्वैश चैंपियनशिप में अपने पदार्पण मैच में शनिवार को शानदार प्रदर्शन करते हुये अमेरिका की वर्ल्ड नंबर 28 मरीना स्टेफनोनी को हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया।

विश्व में 62वें स्थान पर और भारत की शीर्ष रैंक की 17 वर्षीय महिला खिलाड़ी अनाहत ने शुक्रवार को उच्च रैंक वाली अमेरिकी खिलाड़ी के खिलाफ 51 मिनट के मैच में 1-2 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 3-2 (10-12, 11-9, 6-11, 11-6, 11-6) से रोमांचक जीत दर्ज की। मैच के बाद अनाहत ने कहा, 'हमने वास्तव में लंबी रैलियां कीं और वह एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं। वह वास्तव में अच्छा खेल रही है और शीर्ष 30 में शामिल हो गई है। मुझे पता था कि यह एक संघर्ष होने वाला है। मैं थक गई हूं लेकिन वास्तव में खुश हूँ कि मैं इससे बाहर निकल गई।' ड्रॉ में एकमात्र भारतीय महिला अनाहत को अब दूसरे दौर में मिस्र की विश्व नंबर 15 फैरोत्र अबोएलखिर के रूप में एक और भी कठिन चुनौती का सामना करना पड़ेगा।'



# तुरंत मिल सकता है 20 हजार रुपये का लोन, पे-स्लिप भी जरूरी नहीं

सुझाव | बिजनेस डेस्क

कभी-कभी जिंदगी में अचानक पैसों की जरूरत पड़ जाती है। कोई मेडिकल इमरजेंसी, घर में कोई परेशानी या जरूरी खर्च, लेकिन अगर आपकी कोई सैलरी नहीं है, तो लोन मिलना मुश्किल लग सकता है। ऐसे में आदमी परेशान हो जाता है। हालांकि ऐसी स्थिति में भी आपको घबराना नहीं चाहिए, बल्कि सूझबूझ से काम लेना चाहिए। अच्छी बात यह है कि आज कई डिजिटल लेंडिंग प्लेटफॉर्म ऐसे लोगों को भी लोन दे रहे हैं, जिनके पास सैलरी स्लिप नहीं है। यानी अगर आप पारंपरिक नौकरीपेशा नहीं हैं, तब भी 20,000 रुपये तक का लोन बड़ी आसानी से आपको मिल सकता है। इस रिपोर्ट के जरिये हम आपको बताएंगे कि आप कैसे बिना सेलरी स्लिप के भी बड़े आराम से 20000 रुपये तक का लोन लेकर अपने खर्च को चला सकते हैं। इसके लिए आपको ज्यादा परेशान होनी की भी जरूरत नहीं है। सिर्फ आपको अपना क्रेडिट स्को मेंटेन करना है। लोन के लिए क्रेडिट स्कोर 300 से 900 के बीच होना जरूरी है। यह आपके लोन चुकाने की क्षमता को दर्शाता है।

### लोन लेने से पहले ध्यान दें

**क्रेडिट स्कोर**

लोन के लिए क्रेडिट स्कोर बहुत जरूरी होता है। यह 300 से 900 के बीच का एक नंबर होता है, जो आपकी लोन चुकाने की क्षमता बताता है। अगर आपका स्कोर 750 से ऊपर है, तो बिना सैलरी स्लिप के भी लोन मिलने की संभावना बढ़ जाती है।

**इनकम प्रूफ**

अगर आप खुद का बिजनेस करते हैं या फ्रीलांसर हैं, तो इनकम टैक्स रिटर्न (आईटीआर), बैंक स्टेटमेंट या इनकम सर्टिफिकेट से अपनी आमदनी दिखा सकते हैं।

**गारंटर या गिरवी**

अगर आपके पास सैलरी नहीं है, तो कुछ बैंक या लेंडर गारंटर या कोई संपत्ति गिरवी रखने पर लोन दे सकते हैं। गारंटर की स्थायी इनकम आपके लोन अप्रूवल में मदद कर सकती है।

**सिक्योर्ड लोन विकल्प**

अगर आप कोई गहना या अन्य संपत्ति गिरवी रखते हैं, तो सिक्योर्ड लोन लेना आसान हो सकता है। इससे लेंडर को भरोसा होता है कि लोन वापस मिलेगा।

**पुराने लेंडर से संबंध**

अगर आपने पहले किसी लेंडर से लोन लिया है और समय पर चुकाया है, तो वह आपको दोबारा आसानी से लोन दे सकता है – भले ही सैलरी स्लिप न हो।

**को-अप्लिकेंट के साथ लोन लें**

अगर आप किसी ऐसे व्यक्ति के साथ लोन अप्लाई करते हैं जिसकी क्रेडिट हिस्ट्री अच्छी हो, तो लोन मिलने के चांस बढ़ जाते हैं।

**जरूरी डॉक्युमेंट्स**

■ **केवाईसी डॉक्युमेंट्स** : आधार कार्ड, पैन कार्ड, पासपोर्ट आदि ■ **पते का प्रमाण** : बिजली बिल, रेंट एग्रीमेंट, राशन कार्ड ■ **वैकल्पिक इनकम प्रूफ** : बैंक स्टेटमेंट, आईटीआर, या बिजनेस से जुड़ा कोई दस्तावेज ■ लोन अप्लाई करने का प्रोसेस ■ सभी डॉक्युमेंट्स तैयार रखें ■ केवाईसी पते का प्रमाण और इनकम प्रूफ साथ रखें ताकि प्रोसेस जल्दी हो सके।

**एलिजिबिलिटी चेक करें**

लोन अप्लाई करने से पहले बैंक या ऐप पर अपनी योग्यता चेक करें। इससे समय और मेहनत दोनों की बचत होगी और लोन मिलने में आसानी भी होगी।

**लोन अमाउंट और अवधि तय करें**

ईएमआई कैलकुलेटर का इस्तेमाल करके देखें कि 20,000 रुपये का लोन कितनी ईएमआई में चुकाया जा सकता है। इससे आपकी योजना मजबूत बनेगी।

**क्या कहते हैं जानकार**

बैंकिंग विशेषज्ञों का कहना है कि अगर किसी को इमरजेंसी में पैसों की जरूरत है, तो बैंक से मदद ली जा सकती है। उनका कहना है कि बैंक तात्कालिक जरूरतों के लिए टेम्परेरी ओवरड्राफ्ट की सुविधा देते हैं। इसके अलावा, ग्राहक पर्सनल लोन भी ले सकते हैं।" पर्सनल लोन पर ब्याज दर 10% से 24% सालाना तक हो सकती है, जो हर बैंक में अलग-अलग होती है। इसकी अवधि आमतौर पर 1 साल से 3 साल तक हो सकती है।

## चांदी का वॉल्यूम 313 करोड़ रुपये पर पहुंचा, इस गोल्ड और सिल्वर ईटीएफ की मांग जबरदस्त बढ़ी

# लगातार चमक रही चांदी, इसके आगे सोना फेल, सिल्वर ईटीएफ में 3.3 गुना तेजी आई

*फिजिकल गोल्ड में निवेश करने वालों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है, और इसके साथ ही यह जागरूकता भी बढ़ रही है कि खरीदे गए सोने की शुद्धता की जांच जरूरी है। लोग अब जांच परख के बाद ही सोना खरीद रहे हैं।*



निवेश मंत्रा | बिजनेस डेस्क

- ईटीएफ एक आकर्षक निवेश का विकल्प बन रहे
- बेहतर लिक्विडिटी के कारण ट्रेडिंग में रुकावट नहीं आती
- निवेशक भी इसमें बढ़चढ़कर दिलचस्पी दिखा रहे

इस साल चांदी की चमक लगातार बढ़ती जा रही है। चांदी की रफ्तार के आगे सोना भी फेल हो गया। हालांकि सोने ने भी इस अपना सर्वकालिक उच्च सतर हासिल किया है, लेकिन देखा जाए तो चांदी सोने से काफी आगे निकली है। इस साल सिल्वर ईटीएफ में 3.3 गुण तक की तेजी देखने को मिली है। गोल्ड और सिल्वर ईटीएफ की मांग में जबरदस्त बढ़ोतरी देखी गई। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) द्वारा जारी किए गए डेटा के मुताबिक, पूरे इंडस्ट्री का कुल वॉल्यूम लगभग 2.9 गुना बढ़कर 644 करोड़ रुपये पहुंच गया, जबकि पिछले साल यह 224 करोड़ रुपये पर था। इस तेज बढ़त से यह साफ है कि त्योहारों के मौके पर एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड्स (ईटीएफ) एक आकर्षक निवेश विकल्प के रूप में तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। स्थानीय निवेशक भी इसमें बढ़चढ़कर दिलचस्पी दिखा रहे हैं। ऐसे में सिल्वर ईटीएफ निवेश का सबसे बढ़िया विकल्प बनकर उभर रहे हैं।

गोल्ड ईटीएफ में बीते एक साल में जबरदस्त तेजी देखने को मिली। 30 अप्रैल 2025 तक इनका ट्रेडिंग वॉल्यूम 130 करोड़ से 2.5 गुना बढ़कर 331 करोड़ हो गया। हालांकि, सिल्वर ईटीएफ की बात करें तो इसने भी शानदार प्रदर्शन किया। इसका वॉल्यूम 95 करोड़ से 3.3 गुना की जबरदस्त ग्रोथ लेकर 313 करोड़ पहुंच गया। ट्रेडिंग वॉल्यूम के लिहाज से सिल्वर ईटीएफ इस साल का सबसे तेज ग्रोथ देने वाला सेगमेंट बन गया। इसने इस मामले में सोने को भी पीछे छोड़ दिया।



### ईटीएफ में तेजी की वजह

**सुविधा**

ट्रेडिंग वॉल्यूम में आई इस तेज बढ़ोतरी के पीछे कई अहम कारण हैं। जैसे निवेशकों को सोने या चांदी में निवेश करने के लिए अब उसकी शुद्धता या सुरक्षित स्टोरेज की चिंता नहीं करनी पड़ती। ईटीएफ को शेयर की तरह ही डिमैट अकाउंट के जरिए खरीदा-बेचा जा सकता है। इससे किसी प्रकार की परेशानी नहीं होती और इसे खरीदना और बेचना बेहद आसान है। इसमें एसआईपी की तरह ही निवेश किया जा सकता है।

**लागत में बचत**

फिजिकल गोल्ड खरीदने पर मेकिंग चार्ज, स्टोरेज खर्च और शुद्धता का जोखिम जुड़ा होता है। इसके मुकाबले ईटीएफ में लेनदेन की लागत कम होती है और बेहतर लिक्विडिटी के कारण ट्रेडिंग में रुकावट नहीं आती। इसलिए यह निवेश का एक बेहतरीन विकल्प बनकर सामने आ रहा है और निवेशकों को मालामाल कर रहा। इसलिए इस सेगमेंट में निवेशकों का भरोसा लगातार बढ़ता जा रहा है।

**निवेशकों की रुचि**

पारंपरिक रूप से अक्षय तृतीया पर फिजिकल गोल्ड की बिक्री में तेजी देखने को मिलती है। अब यही रुझान एक्सचेंज पर भी नजर आ रहा है। इंडस्ट्री लेवल पर गोल्ड ईटीएफ का टर्नओवर सालाना आधार पर 2.5 गुना बढ़ा है, जबकि सिल्वर ईटीएफ का टर्नओवर 3.3 गुना बढ़ा है। सिल्वर की तेज बढ़त यह संकेत देती है कि निवेशक अब सिर्फ गोल्ड तक सीमित नहीं हैं और पोर्टफोलियो में डायवर्सिफिकेशन की ओर बढ़ रहे हैं। उदाहरण के लिए बता दें कि वित्त वर्ष 2025 में गोल्ड और सिल्वर ईटीएफ का औसत डेली वॉल्यूम, कुल ईटीएफ टर्नओवर का लगभग 60% था। यह दर्शाता है कि इन प्रोडक्ट्स की पकड़ भारतीय बाजार में लगातार मजबूत हो रही है।

### लोअर इम्पैक्ट कॉस्ट्स भी ईटीएफ को बना रहे आकर्षक

अक्षय तृतीया के दिन इंडस्ट्री-वाइड आंकड़ों के मुताबिक, गोल्ड ईटीएफ में औसत इम्पैक्ट कॉस्ट 20 बेसिस पॉइंट (बीपीएस) रही। हालांकि, कुछ प्रमुख ईटीएफ में यह लागत सिर्फ 2 बीपीएस तक ही रही। सिल्वर ईटीएफ में औसतन इम्पैक्ट कॉस्ट 32 **bps** रही, लेकिन सबसे ज्यादा लिक्विड ईटीएफ में यह घटकर लगभग 3 बीपीएस तक आ गई। हाई लिक्विडिटी से ईटीएफ अपने अंडरलाइन एसेट प्राइस को बेहतर तरीके से ट्रैक करते हैं, जिससे निवेशकों को ज्यादा सटीक एक्सपोजर मिलता है।

### क्या पोर्टपोलियो में गोल्ड-सिल्वर ईटीएफ शामिल करना चाहिए

हालांकि गोल्ड और सिल्वर ईटीएफ की लोकप्रियता तेजी से बढ़ रही है, लेकिन इनकी भूमिका पोर्टफोलियो में एकदम खास होती है। वैल्यू रिसर्च इसे विस्तार से समझाता है।

■ डाइवर्सिफायर (विविधता लाने वाले एसेट): ऐतिहासिक रूप से गोल्ड और सिल्वर का इक्विटी मार्केट से कम संबंध होता है। इस वजह से ये पोर्टफोलियो में जोखिम को कम करने में मददगार साबित होते हैं।

■ बेशकीमती धातु (प्रेशियस मेटल्स): आमतौर पर महंगाई बढ़ने या भू-राजनीतिक तनाव के समय बेहतर प्रदर्शन करते हैं। हालांकि, ये एसेट ग्रोथ देने वाले प्रमुख निवेश विकल्प नहीं माने जाते।

■ लॉन्ग टर्म में इक्विटी ने गोल्ड और सिल्वर दोनों से बेहतर रिटर्न दिया है। उदाहरण के तौर पर, पिछले एक दशक में गोल्ड ने औसतन 7-8% सालाना रिटर्न दिया है, जबकि इक्विटी मार्केट ने करीब 12-14% सालाना रिटर्न दिया है।

■ सिल्वर की बात करें तो उसमें थोड़ा अलग ट्रेंड देखा जाता है, क्योंकि यह आंशिक रूप से एक इंडस्ट्रियल मेटल भी है। इसलिए इसकी कीमतें मैन्युफैक्चरिंग डिमांड और निवेशकों की धारणा दोनों से प्रभावित होती हैं। यही वजह है कि सिल्वर ईटीएफ थोड़े ज्यादा वोलाटाइल हो सकते हैं, लेकिन जो निवेशक जोखिम समझते हैं उनके लिए यह एक दिलचस्प डाइवर्सिफायर बन सकता है।

## समझदारी और प्यार से भरा गिफ्ट देना चाहते हैं, तो एक बार जरूर विचार करें

# पीपीएफ से लेकर हेल्थ इंश्योरेंस तक मां को दे सकते हैं कुछ खास तोहफे


जानकारी | बिजनेस डेस्क

*इस बार मदर्स डे पर आप अपनी मां के लिए कुछ खास प्लान कर सकते हैं। कुछ अलग, कुछ ऐसा दे सकते हैं जो उन्हें न सिर्फ खुशी देगा, बल्कि उनका भविष्य भी सुरक्षित करेगा। इसलिए आप भी इस बार मदर्स डे को खास बनाना चाहते हैं और समझदारी और प्यार से भरा गिफ्ट देना चाहते हैं, तो एक बार जरूर विचार करें। पीपीएफ से लेकर हेल्थ इंश्योरेंस तक मां के लिए कुछ खास गिफ्ट हो सकते हैं, जिन्हें आप अपनी मां को भेंट कर सकते हैं।*

मदर्स डे यानी मां के नाम एक खास दिन। इस बार 11 मई, रविवार को हम सब अपनी मां के लिए कुछ खास करने की तैयारी में हैं। ये दिन हर उस मां के लिए समर्पित होता है जो अपने बच्चों की तरक्की के लिए बिना थके, बिना किसी उम्मीद के लगातार योगदान देती हैं। इस दिन बच्चे अपनी मां को खुश करने के लिए उन्हें सरप्राइज गिफ्ट देते हैं, बाहर खाना खिलाने ले जाते हैं या फिर घर पर खुद खाना बनाते हैं। लेकिन इस बार आप मां को कुछ अलग, कुछ ऐसा दे सकते हैं जो उन्हें न सिर्फ खुशी देगा बल्कि उनका भविष्य भी सुरक्षित करेगा। इसलिए आप भी इस बार मदर्स डे को खास बनाना चाहते हैं और समझदारी और प्यार से भरा गिफ्ट देना चाहते हैं, तो एक बार जरूर विचार करें। पीपीएफ से लेकर हेल्थ इंश्योरेंस तक मां के लिए कुछ खास गिफ्ट हो सकते हैं, जिन्हें आप मदर्स डे पर अपनी मां को भेंट कर सकते हैं। अगर आप इस बार एक समझदारी भरा और प्यार से भरा गिफ्ट देना चाहते हैं, तो फाइनेंशियल गिफ्ट्स पर जरूर सोचें। ये गिफ्ट्स मां को टैक्स बचाने, बेहतर रिटर्न पाने और हेल्थ कवर जैसे फायदे भी दे सकते हैं।

### 1. पीपीएफ (पब्लिक प्रॉविडेंट फंड)

पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ) एक सुरक्षित और टैक्स बचत वाली स्कीम है, जिसमें हर वित्त वर्ष में कम से कम 500 रुपये और अधिकतम 1,50,000 रुपये तक निवेश किया जा सकता है। इसमें खाता खुलने के तीसरे साल से छठे साल तक लोन की सुविधा मिलती है, जबकि सातवें साल से हर साल आंशिक निकासी की अनुमति भी होती है। ऐसे में यह खाता 15 साल में मैच्योर होता है, लेकिन इसे 5-5 साल के ब्लॉक में जितनी बार चाहें बढ़ाया जा सकता है। परिपक्वता के बाद बिना नया निवेश किए भी खाता चालू रखा जा सकता है और ब्याज मिलता रहेगा। खाते में जमा राशि पर आयकर की धारा 80-सी के तहत टैक्स छूट मिलती है और ब्याज पूरी तरह टैक्स फ्री होता है (धारा 10)। साथ ही, इस खाते की राशि कोर्ट के किसी आदेश से जब्त नहीं की जा सकती।



### 2. फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी)

मां को आप फिक्स्ड डिपॉजिट का गिफ्ट भी दे सकते हैं। इसमें सालाना 6-7% ब्याज मिलता है। हालांकि ब्याज पर टैक्स लगता है, लेकिन अगर आपकी मां वरिष्ठ नागरिक हैं और उनकी आय टैक्सेबल लिमिट से कम है, तो वो फॉर्म 15जी/15एच भरकर टीडीएस से छूट ले सकती हैं। यह भी मां के लिए एक खास गिफ्ट हो सकता है।

### 3. हेल्थ इंश्योरेंस

अगर आपकी मां के पास पहले से एक हेल्थ पॉलिसी है, तब भी आप उन्हें एक अतिरिक्त हेल्थ कवर गिफ्ट कर सकते हैं। मान लीजिए उनके पास 5 लाख की पॉलिसी है और आप उन्हें 5 लाख रुपये की एक और पॉलिसी गिफ्ट करते हैं, तो उनका कुल मेडिकल कवर 10 लाख रुपये हो जाएगा। यह गिफ्ट मात्र 6,000 से 10,000 रुपये के बीच में मिल सकता है। इससे उनकी स्वास्थ्य संबंधी चिंता खत्म होगी।

### 4. सीनियर सिटीजन सेविंग्स स्कीम

अगर आपकी मां की उम्र 60 साल से ज्यादा है, तो आप उनके नाम से सीनियर सिटीजन सेविंग्स स्कीम (एससीएसएस) में खाता खुलवाकर उन्हें एक शानदार तोहफा दे सकते हैं। इस स्कीम में अभी 8.20% सालाना ब्याज मिल रहा है। यह योजना न सिर्फ सुरक्षित है, बल्कि नियमित आय का भी जरिया बन सकती है।

### 5. सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड (एसजीबी)

अगर आप मां को इस बार सोना गिफ्ट करना चाहते हैं, तो फिजिकल गोल्ड की जगह सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड में निवेश करें। इसमें सोने की कीमत के साथ ब्याज भी मिलता है। यह निवेश न सिर्फ सुरक्षित है, बल्कि लंबे समय में अच्छा रिटर्न भी देता है।




# घर की रजिस्ट्री में पत्नी का भी नाम डालें, 3 लाख तक की बचत होगी

बिजनेस डेस्क

अगर आप भी रियल एस्टेट में निवेश कर टैक्स बचाना चाहते हैं तो आप मकान की रजिस्ट्री में पत्नी का नाम भी डालें। इससे आप तीन लाख रुपये तक का टैक्स बचा सकते हैं। अक्सर कहा भी जाता है कि रियल एस्टेट निवेश के सबसे अच्छे विकल्पों में से एक है। बढ़ती आबादी और तेज शहरीकरण के चलते हाउसिंग सेक्टर कुछ साल से अच्छी ग्रोथ भी देख रहा है। इस सेक्टर में निवेश को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने 2016 में रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (रेरा) स्थापित की थी। इसका उद्देश्य रियल एस्टेट में पारदर्शिता लाना, जवाबदेही तय करना, दक्षता बढ़ाना और घर खरीदारों के हितों की सुरक्षा करना है। इससे निवेशकों के बीच रियल एस्टेट को लेकर भरोसा बढ़ा है। इस सेक्टर में निवेश करके आप खुद के घर का सपना भी पूरा कर सकते हैं। इसके साथ ही न सिर्फ अच्छा रिटर्न कमा सकते हैं, बल्कि आयकर अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत टैक्स बेनिफिट्स भी ले सकते है। इस रिपोर्ट में हम आपको बताएंगे ऐसे ही कुछ तरीके, जिससे आप निवेश के साथ टैक्स भी बचा पाएंगे और अपने घर के साथ -साथ अच्छा मुनाफा व बचत भी कर पाएंगे। ये टिप्स आपके लिए बेहद जरूरी हो सकते हैं।

### स्टाम्प ड्यूटी की छूट

घर की कीमत पर स्टाम्प ड्यूटी लगती है। धारा 80सी के तहत इस पर आप 1.50 लाख रुपये तक छूट ले सकते हैं। यदि ड्यूटी इससे ज्यादा हो, तो दो या ज्यादा लोगों के नाम पर रजिस्ट्री कराने पर सभी को समान छूट मिलेगी। यानी पत्नी के साथ मिलकर इस छूट को 3 लाख रुपये तक पहुंचा सकते हैं। इसलिए मकान खरीदने के दौरान रजिस्ट्री में आप अपनी पत्नी का नाम जोड़ सकते हैं।

### ब्याज पर कटौती

यदि आप मकान खरीदने के लिए लोन लेते हैं तो ऐसी स्थिति में चुकाए गए ब्याज पर इनकम टैक्स अधिनियम की धारा 24 के तहत कुल आय में 2 लाख रुपये तक कटौती का लाभ ले सकते हैं। मूलधन पर भी धारा 80सी के तहत 1.50 लाख तक छूट पा सकते हैं।

### एक घर बेचा, दूसरा मकान खरीदने पर छूट

यदि आप एक रेसीडेंशियल प्रॉपर्टी बेचकर दूसरा मकान खरीदना चाहते हैं, तो धारा 54 आपकी मदद करेगी। इसके तहत पुरानी प्रॉपर्टी बेचने से जितना भी प्रॉफिट हुआ, यदि उस पूरी रकम से आप कोई नई प्रॉपर्टी खरीदते हैं तो पुरानी प्रॉपर्टी से हुए मुनाफे पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। शर्त ये होगी कि बेची और खरीदी गई, दोनों प्रॉपर्टी रेसिडेंशियल ही हों। यदि आप जमीन जैसी कोई अन्य प्रॉपर्टी बेचकर तैयार मकान खरीदना चाहते हैं, तो ऐसी स्थिति में भी आयकर कानून की धारा 54एफ के तहत छूट मिलेगी। लेकिन यह कटौती समान कानून की धारा 54 के तहत मिली छूट से कम होगी।

### प्रॉपर्टी न्यूनतम 24 माह होल्ड करना अच्छा

यदि आप खरीदी हुई प्रॉपर्टी को न्यूनतम 24 महीने अपने पास रखने के बाद बेचते हैं तो आपको 12.5% लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन टैक्स चुकाना होगा। यदि इससे पहले प्रॉपर्टी बेचते हैं तो आपको नॉर्मल स्लैब रेट से शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन टैक्स देना पड़ेगा।

# एसआईपी निवेश ने बनाया रिकॉर्ड, लेकिन इक्विटी फंड में घटा

प्लान | बिजनेस डेस्क

## म्यूचुअल फंड एयूएम 70 लाख करोड़ के ऑल टाइम हाई पर

अप्रैल 2025 में भले ही शेयर बाजार में तेजी आई। एसआईपी निवेश ने रिकॉर्ड बनाया, लेकिन इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेशक सतर्क रहे। इसी के चलते इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश अप्रैल में 3.24 फीसदी घटकर 24,269 करोड़ रुपये रहा है। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव की के चलते बाजार में जारी अस्थिरता के बीच यह गिरावट आई है। हालांकि अप्रैल महीने में एसआईपी के जरिए निवेश ने रिकॉर्ड बनाया है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार एसआईपी योगदान अप्रैल में 2.7% बढ़कर 26,632 करोड़ रुपये रहा, जो कि मार्च में 25,926 करोड़ रुपये था। ग्रॉस इनफ्लो अप्रैल में नई ऊंचाई पर पहुंच गया और दिसंबर 2024 के 26,459 करोड़ रुपये के आंकड़े के पार निकल गया। इक्विटी फंड में लगातार चौथे महीने निवेश में गिरावट दर्ज की गई, लेकिन यह लगातार 50वां महीना रहा, जब म्यूचुअल फंड योजनाओं में नेट इनफ्लो देखने को मिला।

## इक्विटी एमएफ में अप्रैल में 24,269 निवेश हुआ जो मार्च के 25,082 करोड़



### डेट फंड में 2.19 लाख करोड़ का निवेश

डेट फंड में भी अप्रैल महीने में 2.19 लाख करोड़ रुपये का निवेश हुआ, जबकि मार्च में 2.02 लाख करोड़ रुपये की निकासी हुई थी। कुल मिलाकर, म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री में अप्रैल में 2.77 लाख करोड़ रुपये का निवेश हुआ, जबकि मार्च में 1.64 लाख करोड़ रुपये की निकासी हुई थी। इस निवेश से इंडस्ट्री का एसेट अंडर मैनेजमेंट अप्रैल में बढ़कर रिकॉर्ड 70 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई, जो मार्च के अंत में 65.74 लाख करोड़ रुपये था।

### इक्विटी फंड में क्यों घटा निवेश

इक्विटी एमएफ में अप्रैल में 24,269 निवेश हुआ जो मार्च के 25,082 करोड़ रुपये, फरवरी के 29,303 करोड़ रुपये, जनवरी के 39,688 करोड़ रुपये और दिसंबर के 41,156 करोड़ रुपये से कम है। हालांकि यह मार्च के 25,082 करोड़ रुपये की तुलना में 3.24 फीसदी की मामूली गिरावट दर्शाता है, लेकिन फ्लो का वॉल्यूम महत्वपूर्ण बना हुआ है। खासकर चुनौतीपूर्ण ग्लोबल माहौल व 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत व पाकिस्तान के बीच बढ़ते जियो-पॉलिटिकल टेंशन के बीच।

### इक्विटी फंड : किस श्रेणी में कितना निवेश

इक्विटी फंड कैटेगरीज में, फ्लेक्सी कैप फंड में अप्रैल में सबसे अधिक 5,542 करोड़ रुपये का निवेश हुआ. हालांकि, इक्विटी से जुड़ी बचत योजनाओं से 372 करोड़ रुपये की निकासी दर्ज की गई. अप्रैल में मिड-कैप और स्मॉल-कैप म्यूचुअल फंडों में निवेशकों की दिलचस्पी बनी रही, जिसमें 3,314 करोड़ रुपये और 4,000 करोड़ रुपये का निवेश हुआ. मार्च में 2,479 करोड़ रुपये की तुलना में लार्ज-कैप फंड को 2,671 करोड़ रुपये मिले।

### इसे ऐसे समझें

- **लार्जकैप फंड्स :** इनफ्लो 2,479.31 करोड़ से बढ़कर 2,671.46 करोड़ रुपये
- **मिडकैप फंड्स :** इनफ्लो 3,438.87 करोड़ से घटकर 3,313.98 करोड़ रुपये
- **स्मॉलकैप फंड्स :** इनफ्लो 4,092.12 करोड़ से घटकर 3,999.95 करोड़ रुपये
- **फ्लेक्सी कैप फंड्स :** इनफ्लो 5,615 करोड़ से घटकर 5,542 करोड़ रुपये
- **मल्टीकैप फंड्स :** इनफ्लो 2,752.98 करोड़ से घटकर 2,551.71 करोड़ रुपये

### क्या है इक्विटी फंड

इक्विटी फंड एक प्रकार का म्यूचुअल फंड है जो इक्विटी शेयरों में निवेश करता है। इक्विटी फंड का उद्देश्य लंबी अवधि में पूंजी वृद्धि करना होता है और यह निवेशकों को शेयर बाजार में निवेश करने का अवसर प्रदान करता है।

### इक्विटी फंड की मुख्य विशेषताएं

1. **इक्विटी शेयरों में निवेश:** इक्विटी फंड इक्विटी शेयरों में निवेश करते हैं जो विभिन्न कंपनियों के शेयर होते हैं।
2. **लंबी अवधि का निवेश:** इक्विटी फंड लंबी अवधि के लिए निवेश करने के लिए उपयुक्त होते हैं।
3. **जोखिम:** इक्विटी फंड में जोखिम होता है क्योंकि शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव हो सकता है।

### इक्विटी फंड के कुछ मुख्य फायदे

1. **पूंजी वृद्धि:** इक्विटी फंड लंबी अवधि में पूंजी वृद्धि करने में मदद कर सकते हैं।
2. **विविधीकरण:** इक्विटी फंड विभिन्न शेयरों में निवेश करते हैं जिससे जोखिम कम होता है।
3. **पेशेवर प्रबंधन:** इक्विटी फंड का प्रबंधन पेशेवर फंड प्रबंधकों द्वारा किया जाता है।

## इन्द्रा हैप्पी स्कूल में धूमधाम से मनाया गया गोल्डन जुबली समारोह

# डॉ. शैलेंद्र गुप्ता ने अपने सम्बोधन में कहा स्वर्गीय डॉ. एमपी खुराना जी द्वारा 50 साल पहले इन्द्रा हैप्पी स्कूल के रूप में लगाया गया छोटा सा पौधा अब विशाल वृक्ष बन चुका है, उनके शिष्य देश-विदेश में बड़े पदों पर दे रहे है सेवाएं

## सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने मचाया धमाल, प्रतिभावान बच्चों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित










मरुधर विशेष

**मोहम्मद शकील/विजय सिंह खैरथल ।** शिक्षा के साथ साथ सह शैक्षणिक गतिविधियों में अग्रणी भूमिका निभाने वाला शहर के सिवाना सड़क मार्ग पर स्थित इन्द्रा हैप्पी सीनियर सैकेंडरी स्कूल खैरथल में शनिवार को इन्द्रा हैप्पी का 50 साल का सफलतापूर्वक सफर पूरा करने पर 50वीं गोल्डन जुबली धूमधाम के साथ मनाई गई। विद्यालय के डायरेक्टर एवं खैरथल प्रेस क्लब अध्यक्ष व अंतराष्ट्रीय पत्रकार संघ दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष ओर आईएफडब्ल्यू जे संगठन के खैरथल- तिजारा जिला अध्यक्ष पंकज खुराना ने बताया कि उनके पिता स्वर्गीय शिक्षाविद श्री डॉ.एमपी खुराना जी ने वर्ष 1976 में जिले के खैरथल में पहला निजी इन्द्रा हैप्पी विद्यालय खोलकर शिक्षा के क्षेत्र में नई अलख जगाई थी और उनके पिता शिक्षाविद स्वर्गीय डॉक्टर एमपी खुराना जी के बताए मार्ग पर चलते हुए विद्यालय ने आज सफलतापूर्वक अपने 50 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं और इस उपलक्ष में शनिवार को विद्यालय प्रांगण में वार्षिक उत्सव के रूप में भव्य तरीके से गोल्डन जुबली मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि इन्द्रा हैप्पी विद्यालय के पूर्व छात्र रहे गुप्ता नर्सिंग होम खैरथल के संचालक डॉक्टर शैलेंद्र गुप्ता और गुप्ता नर्सिंग होम के व्यवस्थापक एवं समाजसेवी फतेह मोहम्मद रहे। शाम 4 बजे शुरू हुए समारोह के दौरान अचानक शुरू हुई हल्की बारिश के बीच चल रहे सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान नन्हे मुन्ने बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति देखने के लिए अभिभावकों और गणमान्य लोग वहीं पर डटे रहे और बच्चों की हौसला अफजाई के लिए जमकर तालियां बजाई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे डॉक्टर शैलेंद्र गुप्ता ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सबसे पहले डॉ. एमपी खुराना जी को नमन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज से 50 साल पहले डॉक्टर एमपी खुराना जी ने खैरथल में इन्द्रा हैप्पी विद्यालय की स्थापना कर एक छोटा सा पौधा लगाया था जो आज एक विशाल वृक्ष बन गया है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर एमपी खुराना जी और मैडम श्रीमती श्रीमति इंद्रा पाल खुराना की मेहनत और मजबूत और अनुभवी शिक्षकों की टीम द्वारा इन्द्रा हैप्पी स्कूल में पढ़ाए गए विद्यार्थी आज देश के विभिन्न प्रांतो में ऊंचे पदों पर सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब विद्यालय के निदेशक पंकज खुराना जी और प्राचार्या श्रीमती डॉ ज्योति खुराना और अनुभवी शिक्षकों की टीम की मेहनत से यह विद्यालय भविष्य में पहले से भी अधिक सफलता के झंडे गाड़ेगा। उन्होंने विद्यालय के 50 साल पूरे होने पर विद्यालय निदेशक पंकज खुराना सहित सभी स्कूल परिवार को बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्य अतिथि डॉक्टर शैलेंद्र गुप्ता ने प्रतिभावान विद्यार्थियों को पुरस्कार भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान विद्यालय निदेशक पंकज खुराना और प्राचार्या श्रीमती डॉ ज्योति खुराना ने मुख्य अतिथि रहे डॉक्टर शैलेंद्र गुप्ता और फतेह मोहम्मद का पुरस्कार भेंट कर सम्मान किया गया। इससे पहले विद्यालय की फाउंडर श्रीमति इंद्रा पाल खुराना व प्राचार्या डॉ ज्योति खुराना ने सरस्वती मां की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में प्रियंका, सिमरन, भावना, रेनू, पूनम, चांदनी, मंजू, एकता, महिमा, लक्ष्मी, नीतू, मोना, कविता, दिशा, अजीत आदि अध्यापक व अध्यापिकाओ ने व्यवस्थाएं बनाई रखी। कार्यक्रम के अंत में स्कूल के डॉयरेक्ट पंकज खुराना और प्राचार्या डॉ ज्योति खुराना ने विद्यालय के समस्त स्टाफ को पुरस्कार भेंट कर सम्मानित किया और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान मौजूद सभी अभिभावकों और गणमान्य लोगों ने स्कूल परिवार की ओर से आयोजित कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए विद्यालय के 50 साल पूरे होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी और उज्जवल भविष्य की कामना की।

## बाबा खेतानाथ गौ शाला में निःशुल्क आंखों का कैंपः 180 मरीजों की जांच की,31 का ऑपरेशन के लिए चयन



मरुधर विशेष

**बानसूर सुरेश कुमार सैनी बानसूर ।** गुता में शनिवार को बाबा खेतानाथ गौ शाला में निःशुल्क आंखों का जागरूकता सभा का आयोजन किया गया। जिसमें प्रसिद्ध डॉक्टरों की टीम ने ग्रामीणों की आंखों की जांच की ओर निशुल्क उपचार किया गया। गौ शाला समिति के अध्यक्ष रामनिवास यादव ने बताया कि निशुल्क आंखों के जागरूकता कार्यक्रम में मरीजों की आंखों की जांच की गई। जिसमें आधुनिक मशीनों से जांच कर उनका इलाज किया गए और जिन मरीजों को ऑपरेशन की आवश्यकता थी उनका ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। उन्होंने बताया कि आंखों के कैंप में 180 मरीजों की जांच की गई और 31 मरीजों का ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। जिनका निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। इस दौरान गौ शाला उपाध्यक्ष रामजीलाल, अनूप यादव, शैलेन्द्र पंच और डॉ. श्राफ आई हॉस्पिटल के डॉक्टर की टीम मौजूद रही।

## फेडरेशन ने बाल विवाह रोकने के लिए उठाया कदम



मरुधर विशेष /लिम्बाराम उटेर

**कोटडा** ब्लॉक के विद्यालयों में वार्षिक परीक्षा का दौर खत्म होने को है ऐसे में आदिवासी क्षेत्र में शादियों की सीजन चालु होने वाली है, जिसमें बच्चे ,बडे, बुढे सभी सजधज कर जाने को तैयार है। शादियो की सीजन में पढने वाले बच्चों के प्रति विषेशरुप से सदस्यो ने बैठक में ध्यान रखा । इस सत्र में किसी भी परिवार,गांव में बाल विवाह नही करेगें, नही करने देगे, नही करवाएगें के साथ बुलन्द आवाज में सदस्यो ने फैंसला लिया गया। साथ ही आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए परिवारों के साथ मिलकर बच्चों का आवेदन करने की जिम्मेदारी ली। बाल विवाह को रोकने के लिए सदस्यों ने अनौखी पहल गांव व पंचायत स्तर पर 'शुरू की गई। बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणाम को एक दुसरे के साथ साझा किया। बालिकाओ को जागरुके करने के लिए किशोरीयो के साथ खेलकुद प्रतियोगिता करने का निर्णय कलस्टर स्तर पर लिया गया। बालिकाओ का शिक्षा की ओर अग्रेषित करने के लिए गांव स्तर पर पढाने की जिम्मेदारी एस एम सी सदस्यो ने ली गई। इस एस एम सी फेडरेशन बैठक में 18 विद्यालयों के 39 सदस्यो ने भाग लिया गया। बैठक का संचालन एस एम सी अध्यक्ष राणा राम और कन्हैया लाल ने किया।

## नाघोड़ी में रात्रि को श्याम बाबा का विशाल जागरण एवं झांकी का आयोजन श्रद्धालुओं ने जमकर झांकी का आनंद लिया



मरुधर विशेष

**नीमराना (सुनील मेघवाल)** नीमराना नगर पालिका क्षेत्र के नाघोडी गांव में शुक्रवार रात्रि को श्याम बाबा का विशाल जागरण एवं झांकी का आयोजन किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता विनोद कुमार सैन ने बताया कि शुक्रवार को दिनभर श्याम बाबा को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया तथा रात्रि को जागरण किया गया। जागरण के दौरान कलाकारों के द्वारा आकर्षक झांकियां पेश की गई। जागरण के दौरान मुख्य अतिथि मुंडावर विधायक ललित यादव रहे।ललित यादव ने श्याम बाबा के दरबार में हाजिरी लगाते हुए क्षेत्र की खुशहाली के लिए कामना की।जागरण में जयदीप यादव एंड पार्टी के द्वारा श्याम बाबा का गुणगान किया गया। रात्रि जागरण के दौरान श्रद्धालुओ ने श्याम बाबा के भजनों पर जमकर लुप्त उठाते हुए भक्ति रंग में रंगे रहे। जागरण के दौरान आसपास के ग्रामीण श्रद्धालु भी मौजूद रहे।

# बानसूर में शहीद सूबेदार रणजीत सिंह शेखावत की मूर्ति का अनावरण, परिजनों का शॉल ओढ़ाकर सम्मान

मरुधर विशेष

**बानसूर सुरेश कुमार सैनी बानसूर।** बिलाठ होलावास में शनिवार को शहीद सूबेदार रणजीत सिंह शेखावत की मूर्ति का अनावरण किया गया। यह कार्यक्रम शहीद के बलिदान के 12 साल बाद आयोजित किया गया। मूर्ति अनावरण समारोह में बानसूर के विधायक देवीसिंह शेखावत, सैनिक कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष प्रेमसिंह बाजोर और भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अभिमन्यु सिंह राजवी ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। सूबेदार रणजीत सिंह शेखावत 20 ग्रेनेडियर यूनिट में सूबेदार के पद पर तैनात थे और उन्होंने 31 मार्च 2013 को देश की सेवा करते हुए सियाचिन ग्लेशियर में अपना



सर्वोच्च बलिदान दिया था। आज, उनके सम्मान में उनकी मूर्ति का अनावरण गणमान्य अतिथियों द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर शहीद के परिजनों का भी सम्मान किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक देवीसिंह शेखावत ने कहा कि वीर जवान देश की सुरक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर देते हैं और उनकी शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने देश के लिए अपनी जान कुर्बान करने वाले वीर सपूतों को नमन किया। वहीं, पूर्व सैनिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष प्रेम सिंह बाजोर ने कहा कि देश पर मर मिटने वाले जवान हमेशा हमारी प्रेरणा का स्रोत रहेंगे। उन्होंने शहीद सूबेदार रणजीत सिंह शेखावत के शौर्य और बलिदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में



स्थानीय लोग और शहीद के परिजन उपस्थित थे। सभी ने नम आँखों से शहीद को याद किया और उनके पराक्रम को सलाम किया। इस दौरान विधायक देवीसिंह शेखावत ने बिलाठ से भैरू बाबा मंदिर (गढ़ी) तक 75 लाख रूपये की लागत डेढ़ किलोमीटर सड़क का शिलान्यास किया। इस दौरान होलावास ग्राम पंचायत सरपंच सतपाल चौधरी, जिला पार्षद खामोश देवी, अजबपुरा सरपंच प्रियंका नरूका, पार्षद मनोज यादव सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

# मानस मंडल सेवा संस्थान सागवाडा का 735 वा संगीतमय सुंदरकांड पाठ व भजन संध्या का आयोजन

## जीवन में शुभ का चयन करोगे तो लाभ अनिवार्यत मिलेगा-कमलेश शास्त्री

### मनुष्य को सरल व सहज होना जरूरी है-संत उदयराम

मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा** कुशलगढ़: मानस मंडल सेवा संस्थान सागवाडा का 735 वा संगीतमय सुंदरकांड पाठ व भजन संध्या का आयोजन घोटाद गांव में हुआ । मुख्य यजमान झील मल्टीप्लेक्ट हॉस्पिटल के निदेशक भूपेंद्र भट्ट परिवार ने रामजी व जय भट्ट ने हनुमानजी की प्रतिमा पर तिलक लगाकर पुष्प माला पहनाकर पूजा अर्चना करने के बाद कर्मवीरसिंह राठौड़ ने गणपति पूजन किया व जितेन्द्र भट्ट ने सरस्वती वंदना करने के बाद राष्ट्र देवो भव की भावना से सभी उपस्थित श्रद्धालुओं ने राष्ट्रगान करके ऑपरेशन 2 में सशस्त्र सेना के जांबाजों की कुशलता हेतु सामूहिक प्रार्थना की। सुंदरकांड पाठ की चौपाइयों का गान भरत भट्ट व भूपेंद्र भट्ट द्वारा की गईं। यजमान परिवार द्वारा मानस मंडल के सभी सदस्यों को माल्यार्पण व शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया।मंडल के जितेन्द्र सुथार ने हनुमानजी का आव्हान किया।कार्यक्रम के दौरान मंडल अध्यक्ष किशोर ने हम जिद पर आ जाए तो कर देंगे सबको ढेर...... जुगलकिशोर सोनी ने जागो हिंदू जागो अब वक्त नहीं है सोने का......चेतन गोगरोत ने क्या लेकर



आया था जग मै क्या लेकर जाएगा.....नकुल गोगरोत ने हर घर घर में अब एक ही नाम एक नारा गूंजेगा जय श्रीराम .....प्रीतम पंचाल ने तेरी मिट्टी में मिल जावा गुल बन कर खिल जावा .... सहित कई मधुर भजनों के साथ किशन नगरची के द्वारा ऑर्गन की मधुर स्वर व नकुल गोगरोत के द्वारा ढोलक की थाप पर उपस्थित श्रद्धालु झूम उठे। विभिन्न वाद्ययन्त्रों पर बालमुकुंद भट्ट, हेमंत भट्ट,रमेश जोशी, गिरधारी लाल जांगिड़,प्रांशु भट्ट, निलेश गामोट,उत्तम पंचाल ने संगत दी। हनुमान चालीसा का पाठ नरेश भट्ट शिवलहरी द्वारा करने के पश्चात उपस्थित सभी यजमान परिवार द्वारा आरती उतार कर प्रसाद वितरण किया गया। रामकथा मर्मज्ञ कमलेश शास्त्री ने अपने आशीर्वचन में कहा कि हर व्यक्ति लाभ कमाने में रहता है पहले हर घर में किसी भी कार्यक्रम में सर्व प्रथम शुभ व लाभ लिखते थे परन्तु वर्तमान में व्यक्ति हर कार्य में लाभ प्राप्त हो यही सोचता है इसलिए दुखी है यदि शुभ का चयन करके कार्य करेगा तो लाभ अपने आप होना ही है।जो व्यक्ति भजन कीर्तन में एक क्षण का सत्संग का पल जो होता है वह स्वर्ग के सुख से भी ज्यादा सुख प्रदान करता है।कमलेश शास्त्री ने मंडल की सराहना करते हुए कहा कि इन्होंने वर्षों से निश्चल,निष्कपट भाव से चलते हुए धर्म की अलख जगाते हुए वागड़ के गौरव को बढ़ाया है ।प्रभुदास धाम रामद्वारा के संत उदयराम महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि ये मनुष्य शरीर बहुत दुर्लभ है इसके बाद भी क्षण भंगूर है।हर व्यक्ति मै संस्कार और भगवान के प्रति आस्था जरूरी है ।जो सहज व सरल होते है उन्हें भगवान की प्राप्ति होती है।समाज सेवी भूपेंद्र भट्ट ने मंडल के द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ से क्षेत्र के सैकड़ों श्रृद्धालुओं को व वातावरण को राममय बमाने के लिए गांव की ओर से खूब खूब धन्यवाद व आभार ज्ञापित किया। मंडल के जितेन्द्र सुथार ने सुंदरकांड पाठ के बदले हम सब मिलकर देश के यशस्वी राजा और सेना के प्रत्येक नौजवान को अपार बल व शक्ति मिले और हमारा देश अधर्म का नाश कर विजय हो ऐसी हनुमानजी से प्राथना करे । इस अवसर पर संत अमृतराम,झील रेनवियर के मालिक दीनबंधु त्रिवेदी, सुरेन्द्र भट्ट, रेसा के प्रदेश अध्यक्ष डायालाल पाटीदार, नीरज भट्ट,विनायक पंड्या, गिरीश भट्ट,यशवंत उपाध्याय,प्रकाश मेहता छगनलाल मेहता, कैलाश जोशी, हार्दिक भट्ट, रसिकलाल सेवक,उमिया शंकर सेवक, धनेश्वर पाटीदार,भगवान पाटीदार हेतलाल गामोट, कांतिशंकर उपाध्याय, हरीश भट्ट, गुलाब पाटीदार,अशोक गामोट सहित आसपास क्षेत्र के कई धर्मप्रेमी उपस्थित रहे।

## नीमराना में बाबा गरीब नाथ महाराज का विशाल मेला एवं भंडारा आयोजित

### श्रद्धालुओं ने बाबा के दर पर मत्था टेक कर खुशहाली की कामना की



मरुधर विशेष

**नीमराना (सुनील मेघवाल)** नीमराना पंचायत समिति के सामने स्थित प्राचीन बाबा गरीब नाथ आश्रम पर शनिवार को विशाल मेला एवं भंडारे का आयोजन किया गया। बाबा गरीब नाथ महाराज के विशाल मेले पर हरियाणा ,राजस्थान ,दिल्ली, यूपी सहित कई राज्यों के श्रद्धालु पहुंचकर बाबा के दर पर हाजिरी लगाकर परिवार एवं क्षेत्र के खुशहाली के लिए कामना की। बाबा गरीब नाथ आश्रम के महंत 108 इकसार नाथ महाराज ने बताया कि हर वर्ष की भांति 10 मई को बाबा गरीब नाथ महाराज का विशाल मेला एवं भंडारे का आयोजन किया जाता है जबकि 9 मई की रात्रि को गायक कलाकारों के द्वारा बाबा की महिमा का गुणगान किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत हवन यज्ञ कर भंडारे का शुभारंभ किया गया जो देर शाम तक चलता है। मेले के दौरान अंबेडकर युवा समिति पूर्व अध्यक्ष गिर्राज सामरिया, राष्ट्रीय बहुजन सामाजिक परिसंघ के प्रदेश सचिव महावीर प्रसाद चर्खिया के द्वारा ठंडा पेयजल की प्याऊ लगाई गई। बाबा गरीब नाथ मेला कमेटी के सदस्यों के द्वारा दिन भर से अपनी सेवा दे रहे हैं। दिनभर से चल रहे भंडारे में दूर दराज तक श्रद्धालु पहुंचकर बाबा का प्रसादी ग्रहण कर रहे हैं। इस अवसर पर बाबा गरीब नाथ मेला कमेटी अध्यक्ष नोतराम गुरु जी,एडवोकेट प्राण सूख सैनी,हरकेश हवलदार ,एडवोकेट देवेंद्र दोसोदीया रोडवाल, सतीश निभोरिया, सुरेश जलालपुरिया ,सुरेश चंद्र रेवाड़िया राजस्थान मेघवाल परिषद जिला अध्यक्ष,रामनिवास सामरिया, मातादिन गुरुजी ,लक्ष्मण प्रसाद पूर्व शिक्षा उपनिदेशक,पूर्व मुख्य शिक्षा अधिकारी सुंदरलाल भटेड़िया,कैलाश चंद, अशोक फॉरेस्टर ,मांगेराम, महेंद्र निभोरिया, किशन लाल योगी राशन डीलर,अशोक मोरोडिया, सुभाष चंद, प्रभु दयाल मास्टर, महावीर प्रसाद चर्खिया ,जितेंद्र सामरिया सहित काफी संख्या में श्रद्धालु एवं भक्तगण उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का हुआ आयोजनः 49मामलों का राजीनामे से हुआ निस्तारण

### 47 लाख 17 हजार 975 रुपए का अवार्ड पारित



मरुधर विशेष

**कठूमर (दिनेश लेखी)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर के निर्देशानुसार तालुका विधिक सेवा समिति, कठूमर द्वारा शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। तालुका विधिक सेवा समिति के सचिव धीरज सिंह ने बताया कि लोक अदालत में एक बैंच का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री राघवी गोविल सहित सदस्य मदन सिंह तहसीलदार कठूमर एवं पैनल अधिवक्त्ता श्याम सिंह चौहान मौजूदगी में राष्ट्रीय लोक अदालत सम्पन्न हुई। राष्ट्रीय लोक अदालत में 135 प्रिलिटिगेशन बैंक रिकवरी प्रकरण रखे गयें। जिनमें राजीनामा के माध्यम से कुल 04 प्रकरण निस्तारण कर 127975 रूपये का अवार्ड परित किया गया तथा विभिन्न न्यायालयों में लंबित 287 प्रकरण लोक अदालत में रखे गयें जिनमें से कुल 45 प्रकरणों में न्यायालय द्वारा राजीनामा के माध्यम से निस्तारण किया गया एवं एमएसीटी के 10 प्रकरणों का निस्तारण किया गया जिसमें कुल 45 लाख 90 हजार का अवॉर्ड परित किया गया। इस मोके पर महेश चन्द शर्मा, राजवीर सिंह, प्रमोद कुमार, शिवा शर्मा, तरंग खण्डेलवाल मुरारी लाल यादव कर्मचारीगण एवं बैंकों के शाखा प्रमुख व अन्य लोग उपस्थित रहें।

## खेरली मण्डी स्थित सिविल न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का हुआ आयोजन



मरुधर विशेष

**खेरली (दिनेश लेखी)।** सिविल न्यायालय खेरली मण्डी परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत सिविल जज राजीव जिन्दल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। लोक अदालत में न्यायालय ने 130 प्रकरणों का निस्तारण किया। इस दौरान बैंक चैक रिकवरी प्रकरण में 58,94, 423 व प्रिलिटिगेशन में 45,00,000 कुल 1,03,94, 423 रुपये अवार्ड परित किया गया। इस मौके पर सभी बैंकों के शाखा प्रबंधक व एडवोकेट जितेन्द्र गर्ग, हेमेन्द्र गुप्ता तथा न्यायालय रीडर राकेश, बाल स्वरूप, अंकित, दौलत मीना मौजूद थे।

# बाइक से उछलकर गिरी महिला की हुई मौत

मरुधर विशेष

**अलवर।** शिवाजी पार्क थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में 22 वर्षीय महिला की मौत हो गई। यह हादसा तिजारा फाटक पुलिया पर हुआ, जब महिला शादी समारोह से लौट रही थी और बाइक से उछलकर नीचे गिर गई। मृतका की पहचान पूजा के रूप में हुई है,



जिसका पीहर पलखड़ी गांव में है और ससुराल किशनगढ़बास के कोल गांव में स्थित है। पूजा की शादी साल 2007 में कोल गांव के दिनेश से हुई थी, लेकिन तीन साल पहले उसके पति की मौत हो चुकी थी। पति की मौत के बाद पूजा पटौदी स्थित एक निजी कंपनी में नौकरी कर रही थी और अपने दो बच्चों की परवरिश कर रही थी। घटना के समय पूजा अपने दोस्त भरत के साथ राजगढ़ के धमरेड़ गांव में एक अन्य दोस्त की शादी में गई थी। वापस लौटते समय वह भरत की बाइक पर पीछे बैठी थी। तिजारा फाटक पुलिया पर अचानक बाइक अनियंत्रित हो गई और पूजा उछलकर सड़क पर गिर गई। गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मरुधरहिंद 24 न्यूज़ प्राइवेट लिमिटेड के लिए महारानी प्रिन्टर्स 17 वैष्णोदेवी नगर कालवाड़ रोड़ जयपुर से मुद्रित,। मो. 9653906665, , (राजस्थान संपादक विशाल यादव 8875020583) ( राजस्थान सहसंपादक सुनील कुमार 98878 77947 ) 7014373732